**RADIANT ACADEMY**
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
**RADIANT ACADEMY**
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty ●well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ●Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 27 | अंक : 01 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, रविवार, 22 दिसंबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

### सीएम योगी ने जनता दर्शन में सुनीं फरियादें, बोले-
## 'भू-माफियाओं पर लें कड़ा एक्शन, पैसों की कमी से न रुके किसी का इलाज'





**गोरखपुर ( एजेंसी )।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में आए करीब ढाई सौ लोगों से मुलाकात कर उनकी फरियाद सुनीं। उन्होंने आज सुबह अपने माता-पिता के साथ गोरखनाथ मंदिर आए कई बच्चों से भी बात की। उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद के साथ चॉकलेट दिए। सीएम ने जनता दर्शन में मौजूद अधिकारियों को लोगों की समस्याओं के तत्काल समाधान का निर्देश दिया। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लगे जनता दर्शन में सीएम खुद लोगों के पास पहुंचे, उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध व निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने जरूरतमंदों को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजनाओं के तहत मकान दिलाने का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति के पास पक्का मकान होना चाहिए। इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को भरोसा दिलाया कि धन की कमी से किसी का इलाज नहीं रुकेगा। आयुष्मान कार्डधारकों को इलाज में कोई परेशानी न हो, इसे सुनिश्चित करने और वंचित पात्रों के कार्ड शीघ्र बनवाने के निर्देश भी दिए।

## कड़ी निगरानी में हो रही है 'यूपी-पीसीएस' की परीक्षा

### नोएडा-ग्रेटर नोएडा में बनाए गए 55 केंद्र






सेक्टर-39 स्थित डिग्री कॉलेज का निरीक्षण करते जिला अधिकारी मनीष वर्मा

**लखनऊ / नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की पीसीएस परीक्षा राज्य के अगल-अलग केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हो गई है। पीसीएस के 220 पदों पर भर्ती के लिए 576154 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं। यूपी-पीसीएस परीक्षा को लेकर गौतमबुद्ध नगर में 55 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। यह परीक्षा विभिन्न सरकारी पदों के लिए आयोजित की जा रही है, और इसे लेकर प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है, ताकि परीक्षा के दौरान किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो और छात्रों को परीक्षा देने में कोई परेशानी न आए।

गौतमबुद्ध नगर प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी या गड़बड़ी न हो। इसके अलावा, सीनियर अधिकारी लगातार परीक्षा केंद्रों पर भ्रमण कर रहे हैं, ताकि कोई समस्या उत्पन्न होने पर त्वरित कार्रवाई की जा सके। यह कदम परीक्षा के सुचारू और पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।


नोएडा और ग्रेटर नोएडा के परीक्षा केंद्रों पर पॉपउक्सी की तैनाती की गई है, जो परीक्षा के दौरान शांति और सुरक्षा बनाए रखने में मदद करेगा। इन केंद्रों पर पुलिस की टीम भी उपस्थित रहेगी, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया दी जा सके। परीक्षा केंद्रों पर पूरी तरह से सुरक्षा की गई है, और सभी छात्रों को बिना किसी भय के परीक्षा देने का अवसर मिल सके।

नोएडा के सेक्टर 39 में स्थित राजकीय महाविद्यालय को भी परीक्षा केंद्र के रूप में चुना गया है। यहां पर भी पुलिस बल की तैनाती की गई है, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में हो सके। केंद्र पर पूरी सुरक्षा व्यवस्था की गई है, और किसी भी छात्र को परीक्षा में कोई भी परेशानी नहीं हो रही है।

राजीव कुमार, प्रिंसिपल, राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय ने कहा, हमारे कॉलेज में परीक्षा के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा केंद्र पर पुलिस बल मौजूद है और छात्रों के लिए हर संभव व्यवस्था की गई है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि परीक्षा पूरी सुरक्षा के साथ और बिना किसी रुकावट के पूरी हो।

बता दें पीसीएस प्री की परीक्षा दो शिफ्ट में कराई जा रही है। पहली शिफ्ट 9.30 बजे से 11.30 बजे तक होगी। इस दौरान जस का पेपर होगा। वहीं, दूसरी शिफ्ट 2.30 बजे से 4.30 से सीसेट का पेपर होगा। परीक्षा को देखते हुए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। प्रदेश के सभी 75 जिलों में 1331 एग्जाम सेंटर्स पर इस परीक्षा को कराया जा रहा है। पीसीएस प्री परीक्षा में इस बार करीब 5,76,154 अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं।

## एक नामी कंपनी से 1 करोड़ 55 लाख रुपये की ठगी



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-62 स्थित एक नामी कंपनी से 1 करोड़ 55 लाख रुपये की ठगी की गई है। इस मामले में कंपनी के स्टाफ संतोष कुमार झा की तरफ से साइबर थाने में शिकायत दी गई है। डीसीपी साइबर प्रीति यादव ने बताया कि इस मामले में केस दर्ज किया गया है। रुपये नॉटिंघम के एक बैंक अकाउंट में ट्रांसफर किए गए हैं। प्राथमिक जांच में मामला फिशिंग से ठगी का लग रहा है। सभी फैक्ट्स को चेक किया जा रहा है। कंपनी से भी डिटेल ली जा रही है। शुरुआत में ठगों के देश के बाहर बैठकर वारदात करने की बात सामने आई है।

जानकारी के अनुसार, सेक्टर-62 में एक जर्मन सब्सिडियरी कंपनी का ऑफिस है। यह कंपनी यहां टेलीकॉम प्रोडक्ट का काम करती है। शिकायत में कंपनी के कर्मचारी संतोष कुमार झा ने बताया कि वह यूनाइटेड किंगडम की एक कंपनी से सामान लेते हैं। इसी कड़ी में नवंबर में कंपनी से मेल पर बात हुई थी। इस सामान के लिए पेमेंट की डिमांड हुई। इस बीच अचानक कंपनी के ही नाम से एक मेल आया और एक दूसरा बैंक अकाउंट दिया गया था।

उन्होंने जब पेमेंट की तो नाम अलग होने के कारण रुपये ट्रांसफर नहीं होने की बात कही गई। इसके बाद एक और मेल उन्हें मिला और इस बार नॉटिंघम स्थित बैंक ब्रांच का अकाउंट दिया गया। यह खाता भी किसी अन्य कंपनी के नाम से था। जब सवाल किया गया तो वहां से कुछ पेपर भेजकर बताया गया कि कंपनी का नाम बदल गया है। डॉक्यूमेंट देखकर उन्हें विश्वास हो गया और उन्होंने 1 लाख 45 हजार 308 पाउंड अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए, जिसकी वैल्यू भारतीय मुद्रा के हिसाब से करीब 1 करोड़ 55 लाख रुपये बनती है।

## शेयर मार्केट ले डूबा तीन लोगों से 60 लाख रूपये

**नोएडा ( चेतना मंच )।** शेयर ट्रेडिंग में पांच गुना तक रिटर्न का झांसा देकर एक ही परिवार के तीन लोगों के साथ 60 लाख रुपये से अधिक की ठगी का मामला सामने आया है। इस मामले में सेक्टर-99 के रहने वाले आदर्श शर्मा ने शिकायत दी है।

डीसीपी साइबर ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है। जिन अकाउंट में रुपये भेजे गए हैं, उनकी डिटेल निकालकर संबंधित बैंक को रुपये फ्रीज कराने के लिए ईमेल भेजा गया है। साथ ही ठगी करने वालों के बारे में जानकारी की जा रही है। सोशल मीडिया



पर शेयर ट्रेडिंग की जानकारी के बाद पीड़ित को एक ग्रुप में जोड़ा गया, जहां उन्हें ट्रेडिंग के टिप्स दिए गए। इस दौरान ग्रुप में मौजूद कई लोगों ने उन्हें अपने फायदे के बारे में बताया। इससे प्रभावित होकर वह भी निवेश करने को तैयार हो गए। ठगों ने उनका एक डीमैट अकाउंट तैयार कराया, जो बाद में फर्जी निकला। उस अकाउंट से ट्रेडिंग कर उन्हें अपर सर्किट के शेयर दिलवाकर बड़ा मुनाफा दिलाने का झांसा दिया गया। इसमें उनके चाचा और चाची ने भी रुपये लगा दिए। उन्होंने ठगों के बताए अकाउंट में कई बार में 60 लाख 43 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उनसे पैसे निकालने की परमिशन देने के नाम पर कई तरह की फीस के नाम पर और रुपये मांगे। इसके बाद उन्हें ठगी का अहसास हुआ और पुलिस से शिकायत की।

## धमाके के साथ मकान में लगी आग

### कमरे में सो रहे दो भाई झुलासे, 14 साल के किशोर की हुई मौत



**गाजियाबाद।** लोनी कोतवाली क्षेत्र के प्रशांत विहार कॉलोनी में शनिवार देर रात नीरज कुमार के मकान में आग लग गई। मकान के अंदर कमरे में सो रहे नीरज के दो बेटे अरुण 16 और वंशु 14 आंख की चपेट में आ गए। घटना में वंशु की मौके पर मौत हो गई। अरुण को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों का कहना है कमरे में मच्छर की अगरबत्ती लगी थी, उसी से आग लगी है।

नीरज कुमार मजदूरी करते हैं। उन्होंने बताया कि उनके मकान के बाहर वाले कमरे में वह अपनी पत्नी संतोष देवी के साथ सो रहे थे। अंदर कमरे में उनके दोनों बेटे अरुण और वंशु सो रहे थे। उनका बड़ा बेटा काम पर गया हुआ था। रात करीब 2.30 बजे अचानक बच्चों के कमरे से आग और धुआं निकलने लगा। दोनों पति-पत्नी कमरे से बाहर आए। तभी आसपास के लोग भी आ गए।

कुछ ही देर में आग बुझ गई। दोनों अपने बेटे को लेने अंदर पहुंचे। अरुण कमरे के बाहर बरामदे में घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। वंशु का शव बेड के ऊपर मिला। आसपास के लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों ने अरुण को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

## सेक्टर-62 रजत बिहार में लावारिस नवजात मिला



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-62 के रजत बिहार में आज सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब लोगों ने दीवार के पास कूड़े के ढेर में एक नवजात शिशु को पड़े हुए पाया। शिशु के आसपास कुत्ते घूम रहे थे। यह देखकर लोगों ने मोहल्ले में सूचना दी तथा आसपास की मोहल्ले के लोग एकत्रित हुए तथा पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने नवजात शिशु को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास के लोगों का कहना है कि किसी महिला ने लोक लाज के भय के कारण नवजात शिशु को रात के अंधेरे में यहां पर फेंक दिया तथा फरार हो गई। इस खबर को सुनने के बाद आसपास लोगों की काफी भीड़ एकत्रित हो गई तथा लोग में तरह-तरह की चर्चा व्याप्त है।

## सेक्टर-65 की एक कंपनी में लगी भीषण आग



**नोएडा।** सेक्टर-65 में स्थित एक कंपनी में अचानक भीषण आग लग गई। जिससे आसपास हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर पुलिस और फायर विभाग की टीम मौक पर पहुंची। घटनास्थल पर दमकल की 15 गाड़ियां मौजूद हैं और आग बुझाने में जुटी हुई हैं। इस घटना के चलते आसपास की कंपनियों को भी खाली कराया गया है।

डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि नोएडा के सेक्टर 65 में एक इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी में आग लग गई। घटनास्थल पर पुलिस मौके पर पहुंच गई है। 15 दमकल गाड़ियां आग बुझाने के लिए अभियान चला रही हैं।

## अयोध्या से महाकुंभ के लिए चलेंगी 210 बसें



**अयोध्या ( एजेंसी )।** महाकुंभ की तैयारियों में परिवहन निगम ने पूरी ताकत लगा दी है।

कुंभ के लिए तैयार की जा रही बसों की गुणवत्ता पर इस बार विशेष जोर है। यदि गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं रहेगी तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। इसी के साथ इस बार महाकुंभ के लिए संचालित होने वाली बसों पर चालक परिचालक का नाम व मोबाइल नंबर भी अंकित किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को अपनी बस की तलाश में परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

शनिवार को क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन ने परिक्षेत्र के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों के साथ हुई बैठक में यह निर्देश दिया। महाकुंभ के लिए 12 जनवरी से बसों का संचालन शुरू किया जाएगा। तीन चरणों में स्नान पर्वों को ध्यान में रख कर पहली बार बसों के संचालन की योजना बनाई गई है। परिक्षेत्र के अयोध्या, अकबरपुर, सुलतानपुर और अमेठी डिपो से बसें प्रयागराज के झूसी और बेला कछार मेला ग्राउंड तक संचालित की जाएंगी।

इन दोनों प्वाइंटों को बस स्टेशन का रूप दिया जा रहा है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि इन दोनों प्वाइंटों पर बसों से संबंधित सभी कार्य किए जाएंगे। हर बिंदु को ध्यान में रख कर योजना बनाई गई है।

चेकपोस्ट पर ड्यूटी लगाई जा रही है। बसों के संचालन से जुड़ी हर समस्या के समाधान का प्रबंध किया गया है। उन्होंने बताया कि बसों की साफ सफाई की समुचित व्यवस्था की गई हैं।

## नोएडा पुलिस ने महामाया के पास बाइकर्स को दबोचा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** यमुना एक्सप्रेसवे पर नोएडा पुलिस ने बाइकर्स स्टंटबाजी पर ब्रेक लगाया। इसमें यमुना एक्सप्रेसवे पर चलने वाले अन्य वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। आज यमुना एक्सप्रेसवे पर बाइकर्स का आतंक कुछ अधिक रहता है। क्रिसमस और न्यू ईयर से पहले बाइकर्स स्टंटबाजी के लिए यमुना एक्सप्रेसवे पहुंचे थे। लेकिन, इस बार पुलिस वहां पहले से तैनात थी। पुलिस ने बाइकर्स को पकड़ लिया। अब उन्हें कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

नोएडा पुलिस की ओर से यमुना एक्सप्रेसवे पर स्टंटबाजी पर रोक लगाने संबंधी आदेश जारी किया गया है। इसको लेकर लगातार एक्शन होता रहा है। हालांकि, इस बार सेक्टर-39 पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। यमुना एक्सप्रेसवे पर स्टंटबाजी करने जा रहे 40 हाईस्पीड बाइकों को जब्त किया गया है। इन बाइकों के सवार को भी पकड़ा गया है। मिली जानकारी के अनुसार, नोएडा के साथ-साथ दिल्ली, गाजियाबाद और गुड़गांव से बाइकर्स पहुंचे थे।



बाइकर्स गैंग ने यमुना एक्सप्रेसवे पर रेसिंग और स्टंटबाजी की योजना बनाई थी। दावा किया जा रहा है कि हाईस्पीड बाइक चलाने वाले बाइकर्स सोशल मीडिया के जरिए एक-दूसरे से जुड़े रहते हैं। उन्होंने इस रविवार को यमुना एक्सप्रेसवे पर मिलने की योजना बनाई थी। पुलिस की ओर से इस बार बाइकर्स पर नजर रखने के लिए प्लानिंग पुख्ता थी। जैसे ही बाइकर्स महामाया के पास आए, पुलिस ने उन्हें दबोच लिया।

### शॉर्ट वीडियो बनाकर करते हैं वायरल

बाइकर्स अपनी स्टंटबाजी का शॉर्ट वीडियो, रील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करते हैं। यमुना एक्सप्रेसवे पर उन्हें अपनी बाइक हाईस्पीड में दौड़ाने में मदद मिलती है। ऐसे में सभी बाइकर्स वहां पहुंचे थे। लेकिन, पुलिस ने इन बाइकर्स की योजनाओं पर ब्रेक लगा दिया। इनके पास से 40 बाइकों को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस की ओर से आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## धक्का-मुक्की

संसद भवन के 'मकर द्वार' पर सांसदों में जिस तरह धक्का-मुक्की हुई और भाजपा के दो सांसदों को चोटिल होकर अस्पताल के आईसीयू तक जाना पड़ा, बेशक वह उच्छृंखल, स्वच्छंद, अशालीन, अमर्यादित आचरण है। सामान्य शब्दों में कहा जा सकता है कि संसद परिसर 'अखाड़ा' बन गया है अथवा सांसद भी गली-मुहल्ले के बच्चों की तरह एक-दूसरे को धकियाने लगे हैं। यह क्या हो रहा है और संसद की गरिमा तार-तार क्यों की जा रही है? 75 साल के संसदीय इतिहास में यह पहली घटना है कि ओडिशा के 70 वर्षीय सांसद प्रताप सारंगी लहुलूहान हुए। अस्पताल में उन्हें कुछ टांके लगाने पड़े हैं। इसी तरह फर्रुखाबाद (उप्र) के भाजपा सांसद मुकेश राजपूत भी धराशायी होकर बेहोश हो गए। प्रधानमंत्री मोदी ने जब उनसे फोन पर बात की, तब भी वह स्थिर नहीं थे। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा सांसदों ने राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस अध्यक्ष 84 वर्षीय मल्लिकार्जुन खड?े को धक्का मारा, जिससे वह जमीन पर गिर पड़े। यदि ऐसा हुआ है, तो उन्हें अस्पताल तक क्यों नहीं पहुंचाया गया? भाजपा सांसदों के मुताबिक, राहुल गांधी ने उन्हें धक्का मारा हो अथवा धक्का अचानक लगा हो या धक्का सामूहिक, पूर्व नियोजित प्रयास हो, लेकिन संसद कलंकित हुई है। सांसदों का 'रक्तचरित्र' स्पष्ट हो गया है। लोकतंत्र के सबसे बड़े, पावन मंदिर को दूषित किया गया है। अब यह सोचना या दावा करना 'मजाक' होगा कि भारत के लोकतंत्र का इतिहास 2000 साल पुराना है। हमारे सांसद तो 75 साल में ही बेनकाब हो गए हैं। यकीनन यह किसी भी किस्म का लोकतंत्र नहीं है, बेशक सभी सांसद औसतन 15-20 लाख मतदाताओं द्वारा चुने गए हैं। सवाल है कि सदन के प्रवेश द्वार पर सांसदों की धक्का-मुक्की की नौबत क्यों आई? 'मकर द्वार' पर विरोध-प्रदर्शन किए जाते हैं, तो सांसदों के प्रवेश के लिए दूसरा रास्ता तय कर दिया जाता है। फिर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रदर्शन कर रहे भाजपा सांसदों की भीड़ को चीरते हुए सदन में प्रवेश करने की जिद क्यों की? नागालैंड की एक महिला राज्यसभा सांसद पर राहुल क्यों चिल्लाए? राज्यसभा के सभापति एवं देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने यहां तक कहा है कि महिला सांसद उनके चैंबर में आईं। वह बेहद परेशान और भयभीत लग रही थीं। उन्होंने बदसलूकी की शिकायत करते हुए आत्मसम्मान को ठेस पहुंचने तक की बात कही है। बेशक मामले की गहराई तक जाएंगे। भाजपा सांसद हेमांग जोशी ने दिल्ली पुलिस में राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने उम्रकैद की धारा में प्राथमिकी दर्ज की है, लेकिन हत्या के प्रयास वाली धारा 109 को छोड़ दिया गया है। धारा 117 को छोड़ कर शेष सभी धाराएं जमानती हैं। दूसरी तरफ राहुल गांधी और कांग्रेस नेताओं की शिकायत है कि भाजपा सांसदों ने धक्के मारे। उनके हाथों में डंडे थे। अमर्यादित भाषा का व्यवहार भी किया गया। कांग्रेस ने भी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन उनकी प्राथमिकी की कोई सूचना नहीं है। बहरहाल जांच से ही निष्कर्ष सामने आएगा कि 'खलनायक' कौन है? वाकई किसने धक्का दिया? चोटिल सांसदों के प्रति सहानुभूति जताते हुए माफी मांगने की कोशिश क्यों नहीं की गई? इन सवालों के इतर हमारे सांसदों का 'रक्तचरित्र' स्पष्ट हो गया है। हमारा सरोकार और सवाल यह है कि हम ऐसे सांसदों को चुनते ही क्यों हैं? क्या हमारे संसदीय प्रतिनिधि देश की सबसे बड़ी प्रजातांत्रिक संस्था के परिसर में अपनी बात कहने या मनवाने का यह तरीका अपनाएंगे अथवा दूसरा पक्ष उससे अधिक ताकत से धक्का देकर उसका प्रतिकार करेगा? हम दोनों पक्षों को जिम्मेदार मानते हैं, क्योंकि मर्यादा का उल्लंघन दोनों ने किया है। हमारे सामने हकीकत नहीं है, लेकिन सवाल है कि जिम्मेदारी कौन तय करेगा? क्या जांच किसी निर्णायक निष्कर्ष तक पहुंच सकेगी? सोचना यह भी पड़ेगा कि यदि यही धक्का-मुक्की सामाजिक, सार्वजनिक मानक बन गया, तो निचली लोकतांत्रिक संस्थाओं में क्या होगा? संसद को आपसी रंजिश की धक्का-मुक्की का अखाड़ा नहीं बनाया जाना चाहिए।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि जैसा दूल्हा है, अब वैसी ही बारात बन गई है। मार्ग में चलते हुए भाँति-भाँति के कौतुक ( तमाशे ) होते जाते हैं। इधर हिमाचल ने ऐसा विचित्र मण्डप बनाया कि जिसका वर्णन नहीं हो सकता॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**सैल सकल जहँ लगि जग माहीं। लघु बिसाल नहिं बरनि सिराहीं॥**
**बन सागर सब नदी तलावा। हिमगिरि सब कहुँ नेवत पठावा॥**

जगत में जितने छोटे-बड़े पर्वत थे, जिनका वर्णन करके पार नहीं मिलता तथा जितने वन, समुद्र, नदियाँ और तालाब थे, हिमाचल ने सबको नेवता भेजा॥

**कामरूप सुंदर तन धारी। सहित समाज सहित बर नारी॥**
**गए सकल तुहिमाचल गेहा। गावहिं मंगल सहित सनेहा॥**

वे सब अपनी इच्छानुसार रूप धारण करने वाले सुंदर शरीर धारण कर सुंदरी स्त्रियों और समाजों के साथ हिमाचल के घर गए। सभी स्नेह सहित मंगल गीत गाते हैं॥

**प्रथमहिं गिरि बहु गृह सँवराए। जथाजोगु तहँ तहँ सब छाए॥**
**पुर सोभा अवलोकि सुहाई। लागइ लघु बिरंचि निपुनाई॥**

हिमाचल ने पहले ही से बहुत से घर सजवा रखे थे। यथायोग्य उन-उन स्थानों में सब लोग उतर गए। नगर की सुंदर शोभा देखकर ब्रह्मा की रचना चातुरी भी तुच्छ लगती थी॥ (क्रमश:..)

# संसद की गरिमा का दांव पर लगना चिन्ताजनक

संविधान-निर्माता भीमराव आंबेडकर को लेकर भारतीय संसद में जो दृश्य पिछले कुछ दिनों में देखने को मिले हैं, वे न केवल शर्मसार करने वाले है बल्कि संसदीय गरिमा को धुंधलाने वाले हैं। अंबेडकर को लेकर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने हैं। दोनों पक्षों ने गुरुवार को संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान हाथापाई भी हुई जिसमें भाजपा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत घायल हो गए। लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने सांसदों को चेतावनी देते हुए कहा कि सभी को नियमों का पालन करना पड़ेगा। संसद की मर्यादा और गरिमा सुनिश्चित करना सबकी जिम्मेदारी है। भारतीय संसद के प्रांगण में जिस तरह की अशोभनीय एवं त्रासद स्थिति का उत्पन्न हुई है, वे हर लिहाज से दुखद, विडम्बनापूर्ण और निंदनीय है। आरोप-प्रत्यारोप की वजह से परिवेश ऐसा बन गया है, मानो सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच शुद्ध शत्रुता, द्वेष, नफरत की स्थितियां उग्रतर हो गई हो। और तो और, धक्का-मुक्की, दुर्व्यवहार जैसे आरोपों को लेकर पुलिस में मामला दर्ज होना वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है। इन दुखद एवं अशालीन स्थितियों का उपचार न किया गया, तो संसद में काफी कुछ अप्रिय एवं अशोभनीय होने की आशंकाएं बलशाली होगी।

कहना न होगा कि देश की संसद लोकतंत्र के वैचारिक शिखर और देश की संप्रभुता को रेखांकित करने वाला शिखर संस्थान है। इसलिए इसकी गरिमा बनाए रखना सभी सांसदों का मूल कर्तव्य बन जाता है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों से यह अपेक्षा होती है कि वे संसद की गरिमा को भंग न करे, अपना आचरण शुद्ध, शालीन एवं व्यवस्थित रखेंगे और व्यर्थ की बयानबाजी, धक्का-मुक्की, दुर्व्यवहार की जगह सार्थक बहस की संभावनाओं को उजागर करें। भारत की परंपरा कहती है कि वह सभा, सभा नहीं, जिसमें शालीनता एवं मर्यादा न हो। वह संसद संसद नहीं, जो लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा न करें। वह धर्म, धर्म नहीं, जिसमें सत्य न हो। वह सत्य, सत्य नहीं जो कपटपूर्ण हो। आज संसद में सांसदों का व्यवहार शर्म की पराकाष्ठा तक पहुंच गया है। पूरे देश की जनता ने बड़ा भरोसा जताते हुए अपने प्रतिनिधियों को चुनकर लोकसभा में भेजा है, ताकि वे सांसद के रूप में देश की भलाई के लिए नीति एवं नियम बनाएं, उसे लागू कराएं और जनजीवन को सुरक्षित तथा खुशहाल बनाते हुए देश का विकास करें। संसद की सदस्यता की शपथ लेते समय सांसदगण इन सब बातों को ध्यान में रखने की कसम भी खाते हैं, लेकिन उनकी कसम बेबुनियाद ही होते हुए संसद की मर्यादाओं को आहत कर रही है। बीते कुछ समय से धरना-प्रदर्शन के साथ स?क पर राजनीतिक दमखम दिखाने वाले नजारे संसद के दोनों सदनों में भी दिखने लगे हैं। भौतिक रूप से छीना-झपटी और हाथापाई की नौबत भी दिखती रही है और विचाराधीन विषय से दूर एक-दूसरे को हीन साबित करना ही उद्देश्य बन गया है।

संसद का मूल्यवान समय बर्बाद हो रहा है, यह इससे स्पष्ट होता है कि पहली लोकसभा में हर साल 135 दिन बैठकें आयोजित हुई थीं। आज



स्थिति कितनी नाजुक हो गई है, इसका अनुमान इसी से लगा सकते हैं कि पिछली लोकसभा में हर साल औसतन 55 दिन ही बैठकें आयोजित हुईं। नयी लोकसभा की स्थिति तो और भी दुखद एवं दयनीय है। संसद में काम न होना, बार-बार संसदीय अवरोध होना तो त्रासद है ही, लेकिन धक्का-मुक्की तक नौबत पहुंचना ज्यादा चिन्ताजनक है। कोई भी दल हो, किसी भी दल के सांसद हो, उन्हें यह संदेश देने की जरूरत है कि संसद ऐसे किसी संघर्ष का अखाड़ा नहीं है। संसद और संविधान, दोनों ही सांसदों से उच्च गरिमा एवं मर्यादाओं की अपेक्षा करते हैं। संसद देश की आवाजों और दलीलों का मंच है, यह किसी भी प्रकार की शारीरिक जोर-आजमाइश का मंच न बने, इसी में देश की भलाई है, लोकतंत्र की अक्षुण्णता है। सार्थक और उत्पादक संवाद के लिए हर सांसद को संविधान का ज्ञान, संसदीय परंपराओं की जानकारी एवं उनके प्रति प्रतिबद्धता भी होनी चाहिए। दुर्भाग्य से बहुत कम सांसद ही इस ओर ध्यान देते हैं। मुखर प्रवक्ता के रूप में विपक्ष के कई सांसद अक्सर बेलगाम, फूहड एवं स्तरहीन आरोप-प्रत्यारोप दर्ज कराने में जुट जाते हैं। आधी-अधूरी सूचनाओं या गलत जानकारी के साथ विपक्ष के नेता सरकारी पक्ष को आरोपित करने में जुट जाते हैं, बयानों तो तोड़मरोड़ का प्रस्तुत करते हैं। निश्चित ही विपक्ष लगातार अपनी जिम्मेदारी से विमुख होता दिख रहा है। वह सरकार को घेरने और आरोपित करने के उद्देश्य से संसद के कार्य में अक्सर व्यवधान डालता है। लगता है विपक्ष का मकसद यही हो गया है कि संसद की कार्यवाही सुचारु रूप से न चल सके और सरकार की विफलता दर्ज हो। इस तरह की विपक्ष की बौखलाहट का बड़ा कारण भाजपा की लगातार चमत्कारी जीत है।

**सांसदों को समग्रता में सोचना चाहिए कि अगर संसद जोर आजमाइश एवं हिंसा का अखाड़ा होकर बात एफआईआर की राजनीति तक बढेगी, तो संसद का संचालन जटिल से जटिलतर होता जायेगा। संसद में तनाव कोई नई बात नहीं है।**

सांसदों को समग्रता में सोचना चाहिए कि अगर संसद जोर आजमाइश एवं हिंसा का अखाड़ा होकर बात एफआईआर की राजनीति तक बढ़ेगी, तो संसद का संचालन जटिल से जटिलतर होता जायेगा। संसद में तनाव कोई नई बात नहीं है। तनाव और तल्खी का इतिहास रहा है, पर बहुत कम अवसर ऐसे आए हैं, जब शारीरिक बल का दुरुपयोग देखा गया है। संसद भवन के प्रांगण में ही नहीं, बल्कि देश में कहीं भी सांसदों को ऐसे आमने-सामने नहीं आना चाहिए, जैसे गुरुवार को देश ने देखा है। संसद भवन के प्रांगण में जगह-जगह कैमरे लगे हैं। उन कैमरों की मदद से कम से कम यह तो सुनिश्चित करना चाहिए कि दोषी कौन है? दुध का दुध एवं पानी का पानी हो और सच सामने आये। सच की जीत हो और झूठ नैस्तनाबूद हो। अगर किसी सांसद के सिर में चोट लगी है, तो यह वैसे भी गंभीर मसला है। भाजपा सांसद सारंगी ने यही बताया है कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की वजह से एक व्यक्ति उनसे टकराया और वह गिर गए। ऐसा ही आरोप कांग्रेस ने भी लगाया है। पक्ष-विपक्ष में आरोप-प्रत्यारोप लगेंगे, पर ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि सच सामने आए। यदि सच सामने न आए, तो कम से कम सभी सांसद ऐसी स्थिति फिर न बनने दें, इसके लिये संकल्पित हो।

शीतकालीन सत्र में आंबेडकर के नाम पर संसद के भीतर-बाहर जो कुछ हो रहा है, उससे यह स्पष्ट होता है कि कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल संसद की गरिमा से जानबूझकर खिलवाड़ करने पर तूले है। यह मानना अविश्वसनीय है कि यह धक्का-मुक्की अनजाने में हुई। राहुल गांधी आक्रामक ढंग से एक महिला सांसद के निकट जाकर उन्हें असहज करना तो बहुत ही शर्मनाक एवं कहीं अधिक फूहड़ है। पता नहीं किसके आरोपों में कितनी सच्चाई है, लेकिन इसमें संदेह नहीं कि उक्त घटना संसद ही नहीं, देश को भी शर्मिंदा करने वाली है। राजनीति का स्तर इतना नहीं गिरना चाहिए कि वह मर्यादा से विहीन दिखने लगे। ऐसी राजनीति केवल धिक्कार की पात्र होती है। संसद की मर्यादा को तार-तार करने वाली ऐसी घटनाएं सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच बढ़ती कटुता का ही नतीजा है, जो देश के हित में नहीं है। पक्ष-विपक्ष के बीच बढ़ती शत्रुता न केवल भारतीय राजनीति बल्कि लोकतंत्र के लिए भी खतरनाक हैं। दोनों पक्षों के बीच शत्रु भाव कम होने के कोई आसार इसलिए नहीं दिख रहे हैं, क्योंकि ऐसे मुद्दे सतह पर लाए जा रहे हैं, जिनका कोई औचित्य नहीं बनता और जिनका मकसद लोगों को बरगलाना एवं गुमराह करना है। बीते कुछ समय से यह जो भय का भूत खड़ा किया जा रहा है कि संविधान खतरे में है, वह राजनीति के छिछले स्तर का ही परिचायक है। कोई बताये तो संविधान कब और कैसे खतरे में आ गया। संसद में ऐसे विषयों को लेकर सार्थक एवं सौहार्दपूर्ण संवाद हो, वाद-विवाद की जगह कटुता न ले, विमर्श और विचार की गंभीरता से ही लोकतंत्र की शक्ति बढ़ेगी। दलगत पसंद और नापसंद स्वाभाविक है, किंतु उससे ऊपर उठकर रचनात्मक भूमिका निभाने का साहस भी जरूरी है।


**- ललित गर्ग**

## कुर्सियों की बातें (व्यंग्य)

पिछले दिनों दुनिया की महाशक्तिशाली कुर्सी ने, उचित अवसर देखकर अपनी पुत्र कुर्सी को माफी उपहार में दी। कारण स्पष्ट है, मौका मिला और दस्तूर भी था। उस कुर्सी की ताकत और मनमानी कुछ दिनों बाद नहीं रहेगी। इत्तफाक से भाग्यशाली पुत्र कुर्सी का नाम हंटर है। स्वाभाविक है उसने मनचाहा शिकार किया होगा। राजनीतिक क्षेत्र में गंभीर आरोपों की बात, पुष्टि तक पहुंचना छोटी सी घटना है असली खेल तो बाद में खेला जाता है। ऐसा माना जाना चाहिए कि महाकुर्सी ने माफी देने जैसा मानवीय कार्य हमारी कार्यसंस्कृति से सीख कर किया। हमारी शक्तिशाली कुर्सियां भी बहुत कुछ माफ कर सकती हैं और करती भी हैं। कुछ प्रभावशाली कुर्सियां सुनिश्चित करती हैं कि उनका एक सुन्दर चित्र रोजाना अधिकांश अखबारों में छपना ही चाहिए। बेचारे हो चुके अखबारों की क्या हिम्मत जो उनका चित्र न छापें, अपने आप को रोजाना माफ करते हुए उनका चित्र छापकर धन्य होते रहते हैं।

जैसी कुर्सी वैसी बात करती है। मुख्य कुर्सी को यह बताना बार बार याद रहता है कि एक्सप्रेस वे का सफर, हवाई जहाज से बेहतर होगा मगर उन्हें यह कभी याद नहीं रहता कि धार्मिक, अध्यात्मिक और प्राचीन स्थलों पर भी गैंगरेप की घटनाएं होने लगी हैं। उन्हें यह भी मालूम नहीं कि कई जगह तो पुलिस स्टेशन भी पड़ोस में रहता है। एक और स्वस्थ और जिम्मेदार कुर्सी ने समझाया कि बरसों नहीं दशकों हो गए पीते पीते, अब खाद्य सुरक्षा और जानक प्राधिकरण ने बोतल बंद पानी और मिनरल वाटर को अत्याधिक जोखिम वाले खाद्य पदार्थों की क्लास में शामिल किया है। यह इसलिए किया ताकि सोए हुए, कुछ न कर सकने वाले उपभोक्ताओं के गुणवत्ता व सुरक्षा मानक सुधरें। पता नहीं चला कौन से देश के वासियों की बात हो रही है। कौन सुधारेगा और कौन सुधरेगा। क्या वाकई कोई सुधरना चाहता है।

एक और सख्त नियमों वाली कुर्सी ने कहा, थर्ड पार्टी ऑडिट किया जाएगा। यह नई सी बात लगी। ऑडिट करवाने में हमें अथाह अनुभव और यश प्राप्त है और सुविधाओं की बहार भी है। धार्मिक कार्य या पूजा करवाने से पुरानी गुस्ताखियां खत्म हो जाती हैं यानी नई करतूतों के लिए ताजा हवा का इंतजाम। निरंतर उपदेश देने वाली सुन्दर कुर्सियां कहती हैं कि संवेदनशील भूस्खलन बढ़ता है तो चिंता के मलबे के सिवा कुछ नहीं फैलता। हंगामा हमारी समृद्ध राजनीतिक परम्परा है। दोनों सदनों का न चल पाना सिर्फ दुर्भाग्य है।



*जैसी कुर्सी वैसी बात करती है। मुख्य कुर्सी को यह बताना बार बार याद रहता है कि एक्सप्रेस वे का सफर, हवाई जहाज से बेहतर होगा मगर उन्हें यह कभी याद नहीं रहता कि धार्मिक, अध्यात्मिक और प्राचीन स्थलों पर भी गैंगरेप की घटनाएं होने लगी हैं।*

धरती पर खेती चाहे जो रंग बदल ले, अन्तरिक्ष में सलाद की खेती की जा रही है। दुनिया के महान तोपचियों ने पर्यावरण पर कोई दया नहीं की। बड़ी बड़ी कुर्सियां अपने अपने स्वार्थ संभाल कर रखती हैं। कुर्सी पर बैठने वाला बदलता है तो आस पास ही नहीं दूर तक माहौल बदलने की आहट होने लगती है। कुर्सियों की बातें निराली हैं।

**- संतोष उत्सुक**

## राशिफल

पौष कृष्ण पक्ष सप्तमी | (विक्रम संवत् 2081)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
भावुकता बनी रहेगी, बस महत्वपूर्ण निर्णय अभी रोक कर रखें। प्रेम, संतान मध्यम। व्यापार सही है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी के प्रबल योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम, संतान अच्छा है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
धन का आगमन होगा। अपनों में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य ठीक ठाक। प्रेम, संतान मध्यम। व्यापार अच्छा है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। जिस चीज की जरूरत है, उसकी उपलब्धता होगी। स्वास्थ्य अच्छा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
मन अप्रसन्न रहेगा। खर्च की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य थोड़ा सा मध्यम। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होगी। गृह कलह के संकेत हैं। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
आमदनी के नए सोर्स बनेंगे। यात्रा का योग बनेगा। पुराने सोर्स से भी पैसे आएंगे। धन-धान्य से परिपूर्ण रहेंगे।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
कोर्ट-कचहरी में विजयी बनेंगे। राजनीतिक लाभ होगा। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम, संतान की स्थिति मध्यम।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
भाग्य साथ देगा। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम, संतान मध्यम। व्यापार अच्छा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी चाकरी की स्थिति अच्छी रहेगी। स्वास्थ्य, प्रेम व व्यापार बहुत अच्छा है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। कार्य विघ्न-बाधा के साथ संपन्न होंगे। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम, संतान मध्यम है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 137 शिकायतें हुई दर्ज, 09 शिकायतों का निस्तारण

**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। जनपद की तीनों तहसीलों में कुल 137 शिकायतें दर्ज हुई, जिसके सापेक्ष 09 शिकायतों का निराकरण विभागीय अधिकारियों के द्वारा मौके पर ही सुनिश्चित किया गया।



जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा तहसील दादरी में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जनता की समस्याओं का अनुश्रवण किया गया। दादरी तहसील में आयोजित तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जन सामान्य के द्वारा कुल 123 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष विभागीय अधिकारियों के माध्यम से 06 शिकायतों का निराकरण मौके पर ही सुनिश्चित किया गया।

इस अवसर पर जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार एवं शासन गंभीर है। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं। सभी संबंधित अधिकारीगण गंभीरता के साथ तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें और मौके पर जाकर संबंधी शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं ताकि संबंधित पोर्टल पर शिकायतों को ऑनलाइन किया जा सके। साथ ही विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए की 19 से 24 दिसंबर 2024 के मध्य चल रहे सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर आयोजित कार्यक्रम के तहत अपने-अपने विभागों के कैंप के माध्यम से तहसील संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आने वाले आम जनमानस को अपने विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों से अवगत कराये तथा पात्र व्यक्तियों का मौके पर ही आवेदन करते हुए अपने विभागों की योजनाओं से लाभान्वित करने का कार्य किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि आज कैंप के माध्यम से लाभान्वित किए गए लाभार्थियों का विवरण जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को प्रेषित करें, ताकि डाटा पोर्टल पर अपलोड किया जा सके।

तहसील संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत अपने-अपने विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों से संबंधित स्टाल लगाकर संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाले लोगों को अपने विभागों की योजना एवं कार्यक्रमों से अवगत कराया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ला, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसी प्रकार सदर तहसील में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ, जहां पर कुल 04 शिकायतें जनता के द्वारा दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष 01 शिकायत का निस्तारण अंधिकारियों के माध्यम से मौके पर सुनिश्चित कराया गया।

जेवर तहसील में उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ, यहां पर जनता के द्वारा कुल 10 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष 02 शिकायतों का निस्तारण अंधिकारियों के माध्यम से मौके पर सुनिश्चित कराया गया।

# जरूतमंद बच्चों को कॉपी किताब वितरित किये



**नोएडा (चेतना मंच)।** जलवायु टावर महिला वेलफेयर सोसायटी सेक्टर- 47 के महिला शक्तियों के द्वारा राष्ट्रीय सेवा समर्पण की कोषाध्यक्ष निमिषा नेगी से संपर्क करके संगठन के उन गरीब बच्चो को जिन्हे संगठन के द्वारा पड़ाया जाता है।

उन बच्चो को कॉपी किताब खाने की वस्तुएं इत्यादि वितरित करने का अनुरोध किया जिसमें राष्ट्रीय सेवा समर्पण के संस्थापक एवं अध्यक्ष धर्मेंद्र नन्दा को बताया तो धर्मेंद्र नन्दा अपने टीम के साथ बच्चों को लेकर सेक्टर-47 जलवायु टावर गए जहां पर जलवायु टावर महिला क्लब के द्वारा बच्चों को कॉपी, पेन, टॉफी, चॉकलेट पेंसिल , इत्यादि वितरित किये, धर्मेंद्र नन्दा ने अपनी पूरी टीम की तरफ से क्लब की महिलाओं का हृदय से आभार प्रकट किया और ये आशा प्रकट की कि इसी प्रकार उन सभी का इस्नेह, और आशीर्वाद सभी बहनों का हमारे संगठन पर बना रहेगा।

राष्ट्रीय सेवा समर्पण की उपाध्य मधु चौधरी, आशा पोद्दार, संगठन सचिव मनोज कटारिया, सचिव उषा थापा, उत्तर प्रदेश महिला विंग की प्रभारी श्रीमती मनोज शर्मा, नोएडा सचिव अंजू, बबिता, और संगठन मे बच्चों की अध्यापिका मिनाक्षी, की प्रोग्राम में सेभागीता रही।

# "वीर बाल दिवस" को लेकर संगोष्ठी आयोजित



**नोएडा (चेतना मंच)।** भाजपा द्वारा वीर बाल दिवस पर जिला संगोष्ठी का आयोजन भाजपा जिला कार्यालय सेक्टर-116 में आयोजित हुई। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री एवं विधायक सुभाष यदुवंश मुख्य अतिथि के रूप में रहे।

इस मौके पर सुभाष ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत सरकार ने 26 दिसंबर को "वीर बाल दिवस" को राष्ट्रीय दिवस घोषित किया है। 9 जनवरी, 2022 को प्रकाश पर्व के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री ने घोषणा की थी कि 26 दिसम्बर को दसवें सिख गुरु गोविंद सिंह जी के पुत्रों की शहादत की स्मृति में 'वीर बाल दिवस' के रुप में मनाया जागया। आज उसी पर्व को मनाने हम सभी यहाँ एकत्रित हुए हैं।

इस कड़ी को हम सभी लोग अब मंडल स्तर पर ले जाएँगे वहाँ पर प्रभात फेरी का आयोजन होगा। ये प्रभात फ़ेरी 23 को आयोजित करनी हैं। 23वं 24 दिसम्बर को विशेष सभा का आयोजन किया जाएगा जहाँ पर दोनों साहबजादों के चित्र वाले बैकड्राप लगा कर उनके अनुकरणीय साहस और बलिदान के बारे में सभी को जानकारी दी जाएगी। जिलाअध्यक्ष मनोज गुप्ता ने भी इस मौक़े पर कहा की माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा आजादी के 75वें वर्ष के बाद करतारपुर साहिब कॉरिडोर की सौगात सिख समाज को दी गई जो कि शत्रु देश पाकिस्तान से संधि करके संपूर्ण किया गया। हम सभी आगामी सभी कार्यक्रमों को पूरे नोएडा में पूर्ण निष्ठा से मनाएंगे। गोष्ठी में उमेश त्यागी, गणेश जाटव, डिंपल आनंद, योगेंद्र चौधरी, गिरिजा सिंह, गिरीश कोटनाला, महेश अवाना, चमन अवन, अमरीश त्यागी, पूनम सिंह, रवि प्रधान, प्रज्ञा पाठक, गोपाल गौर, विवेक मिश्रा, शारदा चतुर्वेदी, कल्लू सिंह, मुक्तानंद शर्मा, प्रवीण चौहान, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अमित चौहान बने जनता दल यूनाइटेड के जिला अध्यक्ष



**नोएडा( चेतना मंच )।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वर्तमान बिहार प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आदेशानुसार जदयू उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल के द्वारा अमित चौहान को जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया और उनके आवास पर समस्त कार्यकर्ताओं और प्रदेश कार्यकारिणी के साथ आयोजित की गई बैठक में नियुक्ति पत्र सौंपा गया। जिला अध्यक्ष अमित चौहान ने सौंपी गयी जिम्मेदारी के लिए शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया और दी गई जिम्मेदारी को तन मन से निभाने का भरोसा दिया।

सभा में उपस्थित अखिल भारतीय प्राइवेट चिकित्सक फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार उपाध्याय एवं राष्ट्रीय सचिव डॉ जितेंद्र कुमार गौड़ ने अमित चौहान को जिला अध्यक्ष गौतम बुद्ध नगर बनने पर बधाई दी। कार्यक्रम में महावीर रोसा मेरठ मंडल प्रभारी, रणवीर सिंह मुरादाबाद मंडल प्रभारी, नवीन चौहान, लव कुश चौहान, राकेश चौहान, अंकित चौहान, अंकुर चौहान, रोहित भाटी, आकाश नागर एवं समस्त कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# पुलिस और बदमाशों के बीच में हुई मुठभेड़, पैर में लगी गोली

**नोएडा।** थाना सेक्टर-58 में पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली उसके पैर में लगी है। इसके पास से पुलिस ने देसी तमंचा, मोटरसाइकिल, विभिन्न जगहों से चोरी किए हुए 3 मोबाइल फोन आदि बरामद किया है।

पुलिस उपयुक्त जोन द्वितीय शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि कल थाना फेस -2 पुलिस चेकिंग कर रही थी, तभी याकूबपुर लाल बत्ती के पास एक व्यक्ति बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर आता हुआ दिखाई दिया। शक होने पर पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। वह रुकने की बजाए वहां से भागने लगा। उन्होंने बताया कि पीछा करके पुलिस ने सेक्टर 83 के पास उसे घेर लिया। आगे चलकर गंदे नाले की तरफ सर्विस रोड पर उसने दोनों तरफ से पुलिस को अपने आप से घिरा देखकर बाइक छोड़कर भागने लगा। पीछा करने पर उसने अपने हाथ में लिए तमंचे से पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाई।

उन्होंने बताया की जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली सुमित गुप्ता पुत्र श्री कृष्ण गुप्ता निवासी जनपद बदायूं के पैर में लगी है। वह मौजूदा समय में चैतन्या बिल्डिंग ग्राम भंगेल में रहता है। इसकी उम्र 23 वर्ष है। उन्होंने बताया कि घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। डीसीपी ने बताया कि इसके पास से पुलिस ने एक देसी तमंचा, कारतूस, मोटरसाइकिल, विभिन्न जगहों से चोरी किए हुए तीन स्मार्टफोन बरामद किया है।

उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपी ने पुलिस को बताया है कि वह बाइक पर सवार होकर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विभिन्न जगहों से लूटपाट और चोरी की वारदातें करता है। उन्होंने बताया कि इसके खिलाफ पूर्व में दो मुकदमे दर्ज हैं।




# महाकौथिग मेले का पुलिस कमिश्नर ने किया शुभारंभ



**नोएडा।** सेक्टर-21ए स्थित नोएडा स्टेडियम में आज से 5 दिवसीय महाकौथिग मेले का शुभारंभ गौतमबुद्ध नगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर की। इस बार के महाकौथिग मंच का स्वरूप उत्तराखंड के चार धामों में से एक बद्रीनाथ धाम स्थित भगवान बद्रीनाथ के मंदिर की थीम पर आधारित है। महाकौथिग मेले के शुभारम्भ के साथ ही उत्तराखंड के लोक गीतों पर पहाड़ के लोक कलाकारों द्वारा खूबसूरत नृत्य की प्रस्तुति पेश की गयी।

25 दिसंबर तक चलने वाले महाकौथिग मेले के दौरान कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। मेले के मुख्य संयोजक राजेन्द्र चौहान ने बताया कि इस बार के महाकौथिग मंच का स्वरूप उत्तराखंड के चार धामों में से एक बद्रीनाथ धाम स्थित भगवान बद्रीनाथ के मंदिर की थीम पर आधारित है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की लोक संस्कृति, रीति रिवाज, औद्योगिक विकास एवं धार्मिक परंपराओं व प्रगति का अद्भुत संगम एक ही जगह, नोएडा स्टेडियम मे देखने को लोगों को मिलेगा। उन्होंने बताया कि गत वर्ष दर्शकों की अपार भीड़ को ध्यान में रखते हुए इस आयोजन स्थल का एरिया और अधिक बड़ा किया गया है। हर साल की तरह इस बार भी मेले में उत्तराखंडी उत्पादों, आभूषणों एवं खानपान के स्टॉल लगाये गए हैं।

उन्होंने बताया कि उत्तराखंड महाकौथिग के 14वें संस्करण का आज नोएडा स्टेडियम में रंगारंग आगाज हुआ। 5 दिवसीय महाकौथिग का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह, विशिष्ट अतिथि एसीपी शैव्या गोयल, डीसीपी ट्रैफिक लखन सिंह यादव, डीसीपी ट्रैफिक, मुख्य संयोजक राजेंद्र चौहान अध्यक्ष आदित्य घिल्डियाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि ने महाकौथिग के आयोजन को लेकर उत्तराखंड समाज की प्रसंश की। उन्होंने कहा कि जिस तरह से आप लोग अपनी लोक संकृति को अपनी आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं, वह काबिले तारीफ हैं। उन्होंने उत्तराखंड से हो रहे पलायन पर बात करते हुए कहा कि आप लोगों को बीच-बीच में अपने अपने अपने गांव जरुर जाना चाहिए।

उन्होंने पहाड़ में रहे रहे बुजुर्गों को मंच से संदेश दिया कि आप लोगों के बच्चे आपके पास जरुर आयेंगे। उन्होंने आयोजन समिति के सभी सदस्यों को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस महाकौथिग को सफल बनाने के लिए सुरक्षा के मद्देनजर उनकी ओर से पुलिस टीम का पूरा सहयोग रहेगा।

इस बार महाकौथिग में उत्तराखंड के पहाड़ी उत्पादों के करीब 150 स्टाल लगे हैं। जिनमें उत्तराखंड के व्यंजन, दाल, अनाज, पहाड़ी मिठाई, कपड़े आदि सामाग्री उपलब्ध हैं। पहाड़ी व्यंजनों के शौकीन लोगों के लिए भड्डू में बनी घर्या दाल, भात, चैन्सू, फांडू,मीठा भात, झंगोरे की खीर, आलू-मुला की थिन्चोणी, कंडेली का साग, भांग की चटनी, आलू के गुटके, पल्यो, कोदे, मुंगरी की रोटी आदि पहाड़ी व्यंजन उचित दामों में मिलेंगे।

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## खास खबर

### टाटा मोटर्स व बजाज ऑटो को पीछे छोड़ा जोमैटो ने

**मुंबई।** फूड डिलीवरी एग्रीगेटर जोमैटो ने टाटा मोटर्स और बजाज ऑटो को पछाड़ दिया है। जोमैटो 30 कंपनियां वाली सूची में 27 नंबर पर पहुंच गई है। इन दोनों दिग्गज कंपनियों से जोमैटो का मार्केट कैप बड़ा हो गया है।जोमैटो 2.78 लाख करोड रुपए मार्केट कैप की कंपनी बन गई है। टाटा मोटर्स का मार्केट कैप बीएसई में 2.73 लाख करोड़ का है। वही बजाज ऑटो का 2.50 लाख करोड़ का है। 30 शेयर वाली सूची में जोमेटो शामिल हो जाएगी। वहीं 30 शेयर वाली सूची से जेएसडब्ल्यू स्टील बाहर हो जाएगी। 2024 में जोमैटो के शेयर में लगातार तेजी देखने को मिली। निवेशकों का निवेश दोगुना से ज्यादा हो गया है। 2023 में 124 रुपए के शेयर में 135 फीसदी की वृद्धि हुई है।जुलाई 2008 में यह कंपनी बनी थी। 5 दिसंबर 2024 को इस कंपनी का शेयर 304.50 पैसे पर पहुंच गया। मार्केट कैप के हिसाब से यह कंपनी 27 वें नंबर पर आ गई है।

### सेबी ने शोध के लिए एक समान डेटा साझाकरण नीति पेश की

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने शेयर बाजारों, निपटान निगमों और डिपॉजिटरी के लिए एकसमान डेटा साझाकरण नीति पेश की। यह नीति डेटा को सार्वजनिक रूप से साझा करने योग्य और शोध उद्देश्यों के लिए गैर-सार्वजनिक डेटा के रूप में वर्गीकृत करती है। सेबी के अध्यक्ष ने बताया कि नीति का मुख्य उद्देश्य शोध के लिए डेटा की पहुंच को गोपनीयता की चिंताओं के साथ संतुलित करना है। यह नीति प्रतिभूति बाजार में पारदर्शिता और सुरक्षा को सुनिश्चित करने का भी उद्देश्य रखती है। पिछले फरवरी में सेबी ने प्रतिभूति बाजार डेटा पहुंच के लिए एक अलग नीति पेश की थी, जो इस स्थिति को और भी स्पष्ट करती है।

### गूगल ने 10 फीसदी कर्मचारियों की छंटनी की घोषणा की

नई दिल्ली। सीईओ सुंदर पिचाई ने गूगल में 10 फीसदी कर्मचारियों की छंटनी की घोषणा की है। इसका उद्देश्य संगठनात्मक पुनर्गठन कर कंपनी की परिचालन दक्षता को बढ़ाना है। यह पहली बार नहीं है जब गूगल ने ऐसा कदम उठाया है। इस बार कंपनी ये छंटनी मैनेजमेंट रोल से कर रही है। उन्होंने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य प्रोडक्टिविटी बढ़ाना है। पहले गूगल ने 6 फीसदी कर्मचारियों की छंटनी की थी। इन परिवर्तनों के साथ तकनीकी दिग्गज उत्पादकता में सुधार के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता में निवेश के तरीके और संचालन को अधिक अनुकूलित करने की खोज कर रहे हैं। गूगल का रीस्ट्रक्चर, दूसरे तकनीकी दिग्गजों को भी प्रेरितकर रहा है। इस नए दौर में गूगल की योजनाएं अदभुत उच्चतम तकनीकी मानकों को अपनाने के लिए दरारबंदी को पुनर्योजित करने की ओर बढ़ रही है।

### भारत में अमेरिका के ये उत्पाद के दाम हो सकते हैं कम

**नई दिल्ली।** अमेरिका में सत्ता बदलने के साथ ही भारत के लिए भी बहुत कुछ बदलने वाला है। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गद्दी पर बैठने से पहले ही ऐलान किया है कि वे भारतीय प्रोडक्ट पर आयात शुल्क बढ़ाएंगे, क्योंकि भारत भी अमेरिकी प्रोडक्ट पर भारी टैरिफ लगाता है। वैसे ट्रंप को भारत हितैषी बताया जाता है, लेकिन ट्रंप के इस बयान के बाद टैरिफ वॉर से बचने की कवायद भारत ने भी शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि अमेरिका के साथ टैरिफ वॉर से बचने के लिए भारत जल्द कुछ अमेरिकी प्रोडक्ट पर टैरिफ घटा सकता है, जिससे भारत में ये उत्पाद सस्ते हो सकते है। रिपोर्ट्स के मुताबिक मामले से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि भारत ने सेक्टरवार समीक्षा शुरू की है, ताकि यह पता लग सके कि बिना ज्यादा असर डाले किन अमेरिकी उत्पादों पर आयात शुल्क कम किया जा सकता है। एक अधिकारी ने बताया कि मंत्रालयों और विभागों ने अमेरिक प्रोडक्ट पर उन पर लगने वाले टैरिफ की समीक्षा शुरू कर दी है। जानकारों का कहना भारत अमेरिकी प्रोडक्ट को अपने बाजार में पहुंच बनाने की अनुमति देने के लिए टैरिफ में कुछ छूट दे सकता है।

### यात्रियों के लिए द्वि-मासिक न्यूजलेटर नमो भारत टाइम्स का भी किया गया अनावरण

# नमो भारत यात्रियों के लिए किराए पर मिलेगी 10 प्रतिशत छूट

एजेंसी

**गाजियाबाद।** नमो भारत ट्रेन के यात्रियों के लिए खुशखबरी है अब उन्हें किराए में 10 प्रतिशत की छूट मिल सकेगी इसको लेकर एनसीआरटीसी ने लालित्य प्वाइंट प्रोगाम लॉन्च कर दिया है। एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक, शलभ गोयल ने साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन पर वरिष्ठ अधिकारियों और यात्रियों की उपस्थिति में किया। इसके अलावा यात्रियों के लिए द्वि-मासिक न्यूजलेटर नमो भारत टाइम्स का भी अनावरण किया गया। नमो भारत यात्रियों के साथ जुड़ने और उन्हें नमो भारत टिकटों पर 10प्रतिशत की छूट के लिए, एनसीआरटीसी ने आरआरटीएस कनेक्ट मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से लॉयल्टी पॉइंट्स कार्यक्रम की शुरूआत की है। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि लॉयल्टी पॉइंट्स




प्रोग्राम के तहत, यात्रियों को नमो भारत ट्रेन टिकट पर खर्च किए गए प्रत्येक रुपये के बदले 1 अंक प्राप्त होगा। प्रत्येक लॉयल्टी पॉइंट का मूल्य 0.10 (10 पैसे) है और इसे यात्रियों के ह्यआरआरटीएस कनेक्ट खाते में जमा किया जाएगा। इन पॉइंट्स का प्रयोग भविष्य में टिकट खरीदने के लिए किया जा सकेगा। इस पहल से न केवल यात्रियों को आर्थिक लाभ होगा, बल्कि आरआरटीएस कनेक्ट ऐप के माध्यम से डिजिटल क्यूआर टिकट के उपयोग को भी बढ़ावा मिलेगा। पेपरलेस टिकटिंग के माध्यम से यह यात्रा को भी सरल बनाएगा। यह पर्यावरण अनुकूल उपाय एनसीआरटीसी के तेज, विश्वसनीय, सुरक्षित, आरामदायक, कुशल और सतत गतिशीलता समाधान प्रदान करके लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के दृष्टिकोण के अनुरूप है। आरआरटीएस कनेक्टऐप डाउनलोड करने वाले प्रत्येक नए उपयोगकर्ता को 500 लॉयल्टी पॉइंट प्रदान किए जा रहे हैं 50 रुपये के बराबर हैं। यात्री आरआरटीएस कनेक्टऐप को अन्य उपयोगकताओं को रेफर करके अतिरिक्त 500 लॉयल्टी पॉइंट भी अर्जित कर सकते हैं। रेफर करने वाले और जिसे रेफर किया गया है, दोनों को 500 लॉयल्टी पॉइंट प्राप्त होंगे जो 50 रुपये के बराबर हैं, जिन्हें उनके संबंधित खातों में जमा किया जाएगा। सभी अर्जित लॉयल्टी पॉइंट क्रेडिट होने की तारीख से एक वर्ष तक वैध रहेंगे, जो निरंतर और सतत यात्रा और निरंतर ऐप के प्रयोग को प्रोत्साहित करेंगे। ह्यआरआरटीएस कनेक्टह्न ऐप गूगल प्ले स्टोर और एप्पल प्ले स्टोर पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि नमो भारत टाइम्स, एनसीआरटीसी के सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे आदि पर मुफ्त में डाउनलोड के लिए उपलब्ध होगा, जिसमें आरआरटीएस कनेक्ट ऐप भी शामिल है। यह न्यूजलेटर नमो भारत के यात्रियों को एनसीआरटीसी द्वारा लॉन्च की जा रही नई पहलों और हाल के घटनाक्रमों के बारे में सूचनाएँ एवं अपडेट प्रदान कर, नमो भारत सेवा के साथ उनके कनेक्शन को सुदृढ़ करेगा। यह न्यूजलेटर सूचना के एक व्यापक स्रोत के रूप में कार्य करेगा, जिसमें यात्री-केंद्रित गतिविधियों, यात्रा की जरूरतों, स्टेशन पर उपलब्ध सुविधाओं और आरआरटीएस प्रणाली को सफल बनाने वाले व्यक्तियों को सराहने वाली कहानियाँ भी शामिल होंगी। यह सभी उम्र के यात्रियों को इस न्यूजलेटर का हिस्सा बनने का अवसर प्रदान करता है और एनसीआरटीसी द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करता है। ये यात्री-केंद्रित पहल नमो भारत के यात्रियों के लिए किफायती, सुविधाजनक और उनकी समग्र यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए की गयी है।

### दिल्ली-नोएडा डायरेक्ट फ्लाईवे पर टोल टैक्स बंद

**नई दिल्ली।** दिल्ली-नोएडा डायरेक्ट (डीएनडी) फ्लाईवे पर टोल टैक्स नहीं लगेगा। सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में एक महत्वपूर्ण फैसला दिया है। एक याचिका के आधार पर जिसमें इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ जायजा लिया गया था। याचिका के अनुसार इलाहाबाद हाई कोर्ट के 2016 के आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें फ्लाईवे को टोल फ्री करने का सुझाव दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने नोएडा प्राधिकरण उत्तर प्रदेश और दिल्ली की सरकारों को भी फटकार लगाई, क्योंकि वे अवैध रूप से इस परियोजना को नोएडा टोल ब्रिज कंपनी लिमिटेड (एनटीबीसीएल) को सौंप दिया था। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां ने कहा कि टोल वसूलने की कोई वजह नहीं है और एनटीबीसीएल को लागत से अधिक धन वसूलने की अनुमति नहीं है। उन्होंने टॉल वसूलने की प्रक्रिया पर सख्त टिप्पणी की और कहा कि एनटीबीसीएल ने जनता की पीड़ा के बदले अनुचित लाभ हासिल किया।

## ग्लोबल स्टार राम चरण की गेम चेंजर से धोप का प्रोमो आया सामने

**मुंबई।** मेगा पावरस्टार राम चरण की फिल्म गेम चेंजर इस समय चर्चा विषय बना हुआ है शंकर निर्देशित इस फिल्म का प्रचार जोर शोर में शुरू है। 21 दिसंबर, 2024 को यूएसए के डलास में भव्य प्री-रिलीज इवेंट आयोजित किया जा रहा है जहां पर फिल्म की स्टारकास्ट मौजूद होगी अब तक, फिल्म के तीन गाने रिलीज हो चुके हैं, और सभी चार्टबस्टर साबित हुए हैं। एल्बम में नवीनतम जोड़ ?धोप? नामक एक नया सिंगल है। निमार्ता दिल राजू के जन्मदिन के अवसर पर इस ट्रैक का प्रोमो रिलीज किया गया । यह ऑडियो एल्बम का चौथा सिंगल है, और यह फिल्म के मुख्य आकर्षण में से एक होने का वादा करता है। धोप को हाल के दिनों में थमन के



बेहतरीन कामों में से एक माना जाता है, जिसमें एक अनूठी रचना है। प्रोमो में शानदार दृश्य दिखाए गए हैं जो पिछले सिंगल्स की तुलना में एक ताजा वाइब देते हैं। चौथा सिंगल, धोप थमन, रोशिनी जेकेवी और प्रुध्वी श्रुति रंजनी द्वारा गाया गया है। गीत सरस्वती पुत्र राम जोगय्या शास्त्री द्वारा लिखे गए थे। तमिल संस्करण विवेक द्वारा लिखा गया था और थमन एस, अदिति शंकर और प्रुध्वी श्रुति रंजनी द्वारा गाया गया था। रकीब आलम ने हिंदी संस्करण के लिए गीत लिखे जबकि थमन एस, राजा कुमारी और प्रुध्वी श्रुति रंजनी ने अपनी आवाज दी। पूरा गाना 21 दिसंबर को रात 9 बजे (सीएसटी) और 22 दिसंबर को सुबह 8:30 बजे डलास में भव्य प्री-रिलीज इवेंट के दौरान रिलीज होने वाला है। प्रोमो ने पहले ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पूरे गाने को लेकर उम्मीदें बढ़ा दी हैं। गेम चेंजर में राम चरण दोहरी भूमिका में हैं और इसमें कियारा आडवाणी, अंजलि, एसजे सूर्या, श्रीकांत और समुथिरकानी जैसे कई बेहतरीन कलाकार हैं। दिल राजू और सिरीश वेंकटेश्वर क्रिएशंस, दिल राजू प्रोडक्शंस और जी स्टूडियो के बैनर तले इस फि ल्म का निर्माण कर रहे हैं। यह फि ल्म 10 जनवरी, 2025 को तेलुगु, तमिल और हिंदी में दुनिया भर में रिलीज होने वाली है।

## होंडा ने लॉन्च की एक्टिवा 125 स्कूटर

**रांची।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने अपनी नई एक्टिवा 125 का ओबीडी2बी-अनुपालक वर्जन (निर्धारित मानकों कें अनुरूप) लॉन्च कर दिया है। यह मॉडल नए रंगों और कई एडवांस फीचर्स के साथ आता है। इसकी शुरूआती कीमत रुपये 94,422 (एक्स-शोरूम दिल्ली) रखी गई है। इस लॉन्च के दौरान, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के एमडी, प्रेसिडेंट और सीईओ सुतसुमु ओटानी ने कहा, हमें नई ओबीडी2बी-अनुपालक एक्टिवा 125 पेश करते हुए बेहद खुशी हो रही है। इस अपडेटेड मॉडल के जरिए हम



ग्राहकों की जरूरतों और संतुष्टि को ध्यान में रखते हुए 125सीसी सेगमेंट में इनोवेशन का नया मानक स्थापित कर रहे हैं। इसमें दिए गए टीएफटी डिस्प्ले और होंडा रोडसिंक ऐप के जरिए ब्लूटूथ कनेक्टिविटी जैसे फीचर्स ग्राहकों को राइडिंग का एक अलग और बेहतर अनुभव देंगे। हमें पूरा भरोसा है कि यह मॉडल अपने सेगमेंट में नई ऊंचाइयां तय करेगा।होंडा मोटरसाइकल एण्ड स्कूटर इंडिया के सेल्स एवं मार्केटिंग डायरेक्टर योगेश माथुर ने कहा, एक्टिवा 125 हमेशा से ग्राहकों की पसंदीदा रही है, और इसका नया वर्जन इसे और भी बेहतर बना रहा है। ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, नेविगेशन और यूएसबी टाइप-सी चार्जिंग पोर्ट जैसे स्मार्ट फीचर्स के साथ यह आज के आधुनिक राइडर्स की जरूरतों को पूरा करता है। नई एक्टिवा 125 में जोड़े गए नए और चमकीले रंगों और आधुनिक तकनीक के चलते, यह अपने सेगमेंट में ग्राहकों को आकर्षित करने और बाजार में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## भारतीय सीमेंट में इंडस्ट्री को मजबूती की उम्मीद : रिपोर्ट

एजेंसी

**मुंबई।** मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (एमओएफएसएल) ने जारी की गई रिपोर्ट में बताया कि भारतीय सीमेंट इंडस्ट्री को वित्त वर्ष 2025 की दूसरी छमाही में मजबूत सुधार देखने की उम्मीद है। इसमें मांग, सरकारी पूंजीगत व्यय में उछाल और रियल एस्टेट तथा आवास क्षेत्रों में निरंतर गति का भी जिक्र है। रिपोर्ट के अनुसार अक्टूबर-नवंबर 2024 के दौरान सीमेंट इंडस्ट्री में सालाना आधार पर 3-5 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो दौरानिक चुनौतियों के बावजूद बेहतर हासिल हुई। नवंबर में भी 20-22 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्ज की गई। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी छमाही के लिए रिपोर्ट में मात्रा में 8-9 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान दिया गया है। वित्त वर्ष 2026 की शुरूआत के दौरान भी मजबूत रहने की उम्मीद है। इस सेक्टर में अंबुजा सीमेंट्स (एसीईएम) ने अपना सर्वोच्च पसंद दर्ज कराया है। सीमेंट की कीमतें नवंबर में मासिक आधार पर काफी हद तक स्थिर रहीं। इस समय ईंधन की कम कीमतों से वित्त वर्ष 2025 की दूसरी छमाही में सीमेंट स्प्रेड में 25-30 रुपये प्रति टन की वृद्धि की उम्मीद है। इसके साथ ही प्रति टन एबिटा में 23 प्रतिशत की वृद्धि का भी अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय सीमेंट क्षेत्र मजबूत मांग बुनियादी ढांचे और बेहतर लागत संरचनाओं के साथ संरचनात्मक रूप से लचीला बना रहेगा।

## भारत की पीएलआई योजनाएं : आत्मनिर्भर भारत की ओर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के आत्मनिर्भर भारत अभियान को आगे बढ़ाने के लिए प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजनाएं एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही हैं। इस योजना के तहत 1.97 लाख करोड़ रुपए का प्रोत्साहन दिया जा रहा है, जो देश की विनिर्माण और निर्यात क्षमताओं को बढ़ाने में मददगार साबित हो रहा है। नवंबर 2020 में शुरू की गई इस योजना ने अब तक अनेक उत्कृष्ट परिणाम दिए हैं। इसके तहत 1.46 लाख करोड़ रुपए के निवेश को प्रोत्साहित किया गया है, जिससे 12.50 लाख करोड़ रुपए के उत्पादन और बिक्री को बढ़ावा दिया गया है। इसके साथ ही, 4 लाख करोड़ रुपए के निर्यात में वृद्धि




दर्ज की गई है और 9.5 लाख लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित किए गए हैं। इस योजना ने 14 प्रमुख क्षेत्रों में अपना प्रभाव दिखाया है, जिसमें मोबाइल निर्माण, फार्मास्यूटिकल्स, ऑटोमोबाइल, और उन्नत रसायन कोशिका बैटरियां शामिल है। यह योजना देश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। इसके साथ ही पीएलआई योजना ने विभिन्न क्षेत्रों में अनुकूलित एंकर इकाइयों की मदद से आपूर्ति श्रृंखला में सुधार किया है, जिससे एमएसएमई क्षेत्र में नई विनिर्माण इकाइयों का विकास हो रहा है। पीएलआई योजना के तहत विभिन्न 14 क्षेत्रों में नवीनतम तकनीकी विकास की उम्मीद है। इसके माध्यम से यह साबित हो रहा है कि पीएलआई योजना भारत को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

## एक्सपायर डेट वाली चीजों का डेटा ऑनलाइन अनुपालन प्रणाली से पेश करें : एफएसएसएआई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य मानक और प्रमाणन प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने एक महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है, जिसमें लाइसेंस प्राप्त खाद्य निमार्ता और आयातकों को स्पष्ट किया गया है कि वे रिजेक्टेड और एक्सपायर खाद्य आइटम्स का तिमाही डेटा (ऑनलाइन अनुपालन प्रणाली) के माध्यम से पेश करें। इसका मकसद है कि ऐसे उत्पादों के पुनः उपयोग को रोका जा सके। इस निर्देश के तहत, तीन अहम क्षेत्रों का विशेष महत्व है: पहला, आंतरिक गुणवत्ता परीक्षण या निरीक्षण में फेल होने वाले उत्पादों की मात्रा; दूसरा, फूड सप्लाई चेन से



रिजेक्टेड उत्पादों की संख्या; और तीसरा, प्रोडक्ट डिस्पोजल की डिटेल रिपोर्ट। यह निर्देश हाल ही में जारी किया गया और इसका पालन करने के लिए रिपैकर्स और रीलेवलर्स को जिम्मेदारी सुनिश्चित करनी होगी। एफओएससीओएस की रिपोर्टिंग फंक्शन अभी भी विकसित हो रहा है, और नियामक ने खाद्य उद्यमों से जरूरी डेटा इकट्ठा करने का आग्रह किया है। हाल ही में एफएसएसएआई ने एक अलग आदेश जारी किया है।

## सरकार ने सोने की खपत व आयात में गड़बड़ी की आशंका जताई



एजेंसी

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश में हो रही सोने की खपत और इसके आयात को लेकर गड़बड़ी की आशंका जताई है। नवंबर महीने में सोने के आयात के आंकड़े चौंकाने वाले रहे हैं, जिसके बाद आशंका है कि आंकड़ों में कहीं फिर तो नहीं साल 2011 जैसी गड़बड़ी पैदा की गई हो। वाणिज्य मंत्रालय ने जांच कराने का आदेश दिया है ताकि स्थिति को सच्चाई सामने आ सके। वर्ष 2011 में भी ऐसा ही मामला हुआ था, जब कंप्यूटर सॉफ्टवेयर में समस्याओं के कारण गलत आंकड़े आए थे। व्यापार विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार भी ऐसा हो सकता है। सोने के आयात में असामान्य वृद्धि के कारण देश का व्यापार घाटा रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। गड़बड़ी की आशंका से जांच की जा रही है। व्यापार विशेषज्ञों ने इस मामले पर अलग-अलग राय दी है। कुछ कह रहे हैं कि डेटा संकलन में संभावित त्रुटि की संभावना है, जबकि दूसरे का कहना है कि असली आंकड़े ही गलत हो सकते हैं। सरकार की तरफ से भी मानना है कि आंकड़े गलत हो सकते हैं। नवंबर माह में सरकार को इस मुद्दे पर ठीक से जांच करने की जरूरत है ताकि देश का व्यापार स्थिर बना

## देश के वन वृक्ष आवरण में 1445 वर्ग किमी की वृद्धि

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2023 के मुताबिक देश के वन एवं वृक्ष आवरण में 1445 वर्ग किमी की वृद्धि हुई है। इसमें वन आवरण में 156 वर्ग किमी और वृक्ष आवरण में 1289 वर्ग किमी की वृद्धि शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक वन एवं वृक्ष आवरण में अधिकतम वृद्धि दिखाने वाले चार राज्यों में छत्तीसगढ़ 684 वर्ग किमी के साथ शीर्ष पर है। इसके बाद उत्तर प्रदेश (559 वर्ग किमी), ओडिशा (559 वर्ग किमी) और राजस्थान (394 वर्ग किमी) हैं। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने देहरादून स्थित वन अनुसंधान संस्थान में शनिवार को एक कार्यक्रम के दौरान यह रिपोर्ट जारी




की। यादव ने खुशी जतायी कि 2021 की तुलना में देश के कुल वन एवं वृक्ष क्षेत्र में 1445 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है। इस मौके पर उन्होंने उन्नत प्रौद्योगिकी का उपयोग करके भारतीय वन सर्वेक्षण (एफएसआई) द्वारा वास्तविक समय की आग की चेतावनी और वन अग्नि सेवाओं पर भी प्रकाश डाला। एफएसआई रिमोट सेंसिंग उपग्रह डेटा और क्षेत्र आधारित राष्ट्रीय वन सूची (एनएफआई) की व्याख्या के आधार पर देश के वन एवं वृक्ष संसाधनों का गहन मूल्यांकन करता है और परिणाम भारत वन स्थिति रिपोर्ट (आईएसएफआर) में प्रकाशित होते हैं। भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2023 इस श्रृंखला की 18वीं ऐसी रिपोर्ट है। रिपोर्ट के अनुसार देश का वन एवं वृक्ष आवरण 8,27,357 वर्ग किमी है जो देश के भौगोलिक क्षेत्र का 25.17 प्रतिशत है। इसमें 7,15,343 वर्ग किमी (21.76 प्रतिशत) वन आवरण और 1,12,014 वर्ग किमी (3.41 प्रतिशत) वृक्ष आवरण है। वन आवरण में अधिकतम वृद्धि दिखाने वाले तीन राज्यों में मिजोरम 242 वर्ग किमी के साथ शीर्ष पर है। इसके बाद गुजरात (180 वर्ग किमी) और ओडिशा (152 वर्ग किमी) हैं। क्षेत्रफल के हिसाब से सबसे अधिक वन और वृक्ष आवरण वाले तीन राज्यों में मध्य प्रदेश 85,724 वर्ग किमी के साथ तीसरे स्थान पर है। उसके बाद अरुणाचल प्रदेश 67,083 वर्ग किमी और महाराष्ट्र 65,383 वर्ग किमी हैं। क्षेत्रफल के हिसाब से सबसे अधिक वन आवरण वाले शीर्ष तीन राज्य- मध्य प्रदेश (77,073 वर्ग किमी, अरुणाचल प्रदेश (65,882 वर्ग किमी) और छत्तीसगढ़ (55,812 वर्ग किमी) हैं।

# क्रिसमस पर अमेरिकी वॉलमार्ट स्टोर्स पर मिलेंगे भारतीय उत्पाद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** क्रिसमस एवं छुट्टियों का मौसम नजदीक आने के साथ ही वॉलमार्ट अपने हॉलिडे कलेक्शन को पेश करते हुए बहुत उत्साहित है। इसमें भारत के आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त उच्च गुणवत्ता वाले मौसमी सजावट, रोजमर्रा एवं पार्टी के कपड़े, सहायक उपकरण और उपहार शामिल हैं। ये समान अमेरिकी वॉलमार्ट स्टोरों, सैम क्लबों और पर उपलब्ध है। वॉलमार्ट पर उपलब्ध इस संग्रह में त्योहारी घरेलू सजावट से लेकर स्टाइलिश ठंड के मौसम के सामान, शानदार आभूषण, मजेदार खिलौने और खेल के सामान से लेकर कई तरह के उत्पाद शामिल हैं। भारत से मंगाए गए ये उत्पाद वॉलमार्ट के हॉलिडे लाइनअप में विविधता और गुणवत्ता लाते हैं, जो उपहार देने या व्यक्तिगत छुट्टियों की खरीदारी के लिए एक आदर्श विकल्प सुनिश्चित करते हैं। वॉलमार्ट में सोर्सिंग के कार्यकारी उपाध्यक्ष एंड्रिया अलब्राइट ने कहा, वॉलमार्ट में हम इस छुट्टियों के मौसम में अपने अमेरिकी ग्राहकों के लिए प्रतिभाशाली भारतीय आपूर्तिकर्ताओं से उच्च गुणवत्ता वाले, त्यौहारी उत्पाद लाने पर गर्व महसूस करते हैं।? यह अनूठी मेड-इन-इंडिया पेशकशें न केवल अमेरिका में हमारे हॉलिडे कलेक्शन में एक विशेष स्पर्श जोड़ती हैं, बल्कि भारतीय व्यवसायों का समर्थन करने और 2027 तक भारत से निर्यात को सालाना 10 अरब डॉलर तक बढ़ाने के हमारे लक्ष्य को प्राप्त करने की हमारी प्रतिबद्धता को भी दशार्ती हैं। हर घर के लिए एक उत्सव का माहौल इस वर्ष




वॉलमार्ट के हॉलिडे टाइम्स संग्रह में प्रसिद्ध आपूर्तिकर्ताओं की जीवंत सामग्रियों को प्रदर्शित किया गया है, जिसे घरों को सजाने के लिए तैयार किया गया है। -हस्तनिर्मित आभूषण, जिसमें एएल पेपर द्वारा अपसाइकल किए गए सूती कपड़ों के वेस्ट से बने कागज क्रिसमस ट्री शामिल हैं। - कनोडिया ग्लोबल द्वारा बुने हुए क्रिसमस स्टॉकिंग्स भी इसमें शामिल हैं। संग्रह में शानदार घरेलू साज-सज्जा के समान भी शामिल है, जिसमें सावा इंटरनेशनल के कुशन और तकिए, अवंती ओवरसीज के आलीशान खिलौने, और डिजाइनको, दीवान एंड संस और स्पेशलाइज्ड क्रिएशन्स की लकड़ी और धातु की सजावट वाले सामान शामिल है। स्टाइलिश तरीके से गर्म और पार्टी के लिए रहें तैयार वॉलमार्ट की हॉलिडे फैशन लाइनअप में रोजमर्रा और पार्टी में पहनने के लिए बेहतरीन कपड़े उपलब्ध हैं, जो उपहार देने या व्यक्तिगत हॉलिडे स्टाइल के लिए एकदम सही हैं। हाइलाइट्स में शामिल हैं। वॉलमार्ट के निजी लेबल जॉर्ज के तहत पुरुषों के लिए लंबी आस्तीन वाली थर्मल क्रू शर्ट, ओवरशर्ट और छोटी आस्तीन वाली बुनी हुई शर्ट। शाही एक्सपोर्ट द्वारा तैयार फ्री असेंबली लेबल के तहत महिलाओं के लिए बुने हुए टॉप और ड्रेस। गोकलदास एक्सपोर्ट द्वारा महिलाओं के लिए बुने हुए जैकेट, जो फ्री असेंबली ब्रांड के तहत भी बेचे जाते हैं। वॉलमार्ट के टेरा एंड स्काई ब्रांड के तहत प्लस-साइज बुने हुए स्कर्ट और ड्रेस टाइम एंड टू ब्रांड के तहत शाही एक्सपोर्ट और गोकलदास एक्सपोर्ट की प्लेड शर्ट और ड्रेस। चमक जोड़ने के लिए, वॉलमार्ट की ब्रिलिएंस फाइन ज्वेलरी रेंज में एलिगेंट और इंटरगोल्ड से प्राप्त हीरे की बालियां, अंगूठियां और टेनिस ब्रेसलेट उपलब्ध हैं, जो उपहार देने या हॉलिडे लुक को पूरा करने के लिए एकदम सही हैं। पारिवारिक क्षणों के लिए टीवी एक्सेसरीज इस छुट्टियों के मौसम में वॉलमार्ट के टीवी एक्सेसरीज के चयन के साथ पारिवारिक मूवी नाइट्स को बेहतर बनाएं। वॉलमार्ट के ओएनएन ब्रांड के तहत रेडिश के टिल्टिंग, स्विवेलिंग और फुल-मोशन वॉल माउंट का आनंद उठाएं। ये मूवी और गेमिंग नाइट्स अनुभव को और बेहतर बनाते हैं।

## खास खबर

### आईसीसी ने क्लासेन पर लगाया जुर्माना

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन पर आईसीसी आचार संहिता के लेवल एक नियम के उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया है। क्लासेन पर ये जुर्माना पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए दूसरे एकदिवसीय में 97 रन पर आउट होने के बाद गुस्से में स्टंप पर लात मारने के लिए लगाया है। आईसीसी ने उनकी मैच फीस का 15 फीसदी जुर्माना लगाया है। क्लासेन ने इस मैच में शानदार बल्लेबाजी की थी। उन्होंने 74 गेंदों पर 97 रन बनाये , जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम 330 रनों तक पहुंच पायी। क्लासेन ने अंत तक बल्लेबाजी की और 43वें ओवर में आउट होने वाले अंतिम बल्लेबाज रहे। इस मैच में अफ्रीकी टीम को 81 रनों से हार का सामना करना पड़ा। हार गई. आउट होने के बाद निराश हुए क्लासेन ने स्टंप पर लात मारी, जिसके कारण आईसीसी ने उनपर जुमार्ना लगाया। इस मैच में पाकिस्तान की जीत में बाबर आजम और कप्तान मोहम्मद रिजवान के अर्धशतकों की अहम भूमिका रही।

### एमसीए अधिकारी पर भड़के पृथ्वी

**न्यू दिल्ली ।** खराब दौर से गुजर रहे बल्लेबाज पृथ्वी शॉ की मुंबई क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने कड़ी आलोचना करते हुए उनकी फिटनेस पर सवाल उठाये थे और साथ ही कहा था कि उनके खराब रवैये से हमें परेशानी उठानी पड़ती है। इसी कारण उन्हें पहले रणजी और अब विजय हजारे ट्रॉफी के लिए शामिल नहीं किया गया है। इसी का जवाब देते हुए अब पृथ्वी ने कहा है अगर उन्हें पूरी बात नहीं मालूम है तो इस प्रकार की बयानबाजी नहीं करनी चाहिये। पृथ्वी ने सोशल मीडिया में लिखा, अगर आप किसी के बारे में पूरी तरह नहीं जानते हैं, तो उस पर बात न करें। बहुत से लोग आधे-अधूरे तथ्य के साथ धारणा बना लेते हैं। इस अधिकारी ने इससे पहले कहा था कि सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में हम 10 फील्डर्स के साथ खेल रहे थे क्योंकि हमें लचर फिल्डिंग करने वाले पृथ्वी को छिपाने के लिए मजबूर होना पड़ा था। गेंद उनके पास से गुजरती थी तब भी वह उसे पकड़ नहीं पाते थे।

### राज्य स्तरीय डायरेक्ट वालीबॉल स्पर्धा आज

**इन्दौर।** सीटीसी वालीबॉल क्लब द्वारा राज्य स्तरीय डायरेक्ट वालीबॉल स्पर्धा क्लब ग्राउण्ड, किला मैदान रोड़ पर रविवार 22 दिसम्बर को आयोजित की जा रही है। इस स्पर्धा में इन्दौर के साथ ही भोपाल, उज्जैन, देवास, धार, झाबुआ, रतलाम, जावरा सहित अन्य जिलों की टीमें भी शामिल होंगी। सीटीसी क्लब के अध्यक्ष गोवर्धन रघुवंशी व सचिव नरेश दुबे ने बताया कि स्पर्धा के लिए अब तक 24 टीमों की प्रविष्टियां प्राप्त हुई है। स्पर्धा की तैयारियाँ अंतिम दौर में है। किला मैदान क्लब ग्राउण्ड पर स्थित मिट्टी के कोर्ट पर ही यह स्पर्धा होगी। मैदान पर एक अतिरिक्त मिट्टी का कोर्ट भी तैयार किया जा रहा है। इसके लिए मैदान को समतल किया गया है, उसके बाद कंकर और पत्थर निकालकर कोर्ट तैयार किया जा रहा है। पोल पर रंग-रोगन के साथ ही दूधियाँ रोशनी की व्यवस्था भी की जा रही है।

## विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल

# भारत, ऑस्ट्रेलिया, और दक्षिण अफ्रीका में है टक्कर

एजेंसी



**मुम्बई ।** अगले साल होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लूयटी) फाइन की रेस में अभी भारत और ऑस्ट्रेलिया, और दक्षिण अफ्रीका की टीमें प्रबल दावेदार बनकर उभरी हैं, वहीं श्रीलंका और पाकिस्तान को जगह मिलना अन्य टीमों के भरोसे रहेगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरे टेस्ट मैच के ड्रॉ रहने से फाइनल की दौड़ और करीबी हो गई है। आठ मैच बाकी हैं और फाइनल के लिए 3 टीमें दौड़ में हैं। इन 5 में से कोई भी टीम अभी तक फाइनल में जगह पक्की नहीं कर पाई है। बची हुई दो टीमें श्रीलंका और पाकिस्तान एक प्रकार से बाहर हैं क्योंकि उनके फाइनल में पहुंचने का समीकरण बेहद कठिन है। भारत को सीधे फाइनल में पहुंचने दो मैच जीतने होंगे। भारत के लिए सबसे असान रास्ता ये है कि वह बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाकी के बचे हुए दोनों मैच जीत जाए जिससे अंक प्रतिशत 60.53 हो जाएगा और टीम बिना किसी अन्य परिणाम पर निर्भर रहे फाइनल में पहुंच जाएगी भारती टीम का जीत प्रतिशत अभी 57.02 है।

ऑस्ट्रेलिया को चाहिये 2 जीत और एक ड्रॉ चाहिये। वहीं ऑस्ट्रेलिया को क्वालीफाई करने के लिए 2 जीत और 1 ड्रॉ की जरुरत है। यदि ऑस्ट्रेलिया भारत के अगले दो मुकाबले ट्रॉ होते हैं तों उन्हें श्रीलंका के खिलाफ दो जीत की जरुरत होगी जिससे वे 58.77 पर पहुंचे और ये भारत के 57.02 अंक प्रतिशत से ज्याद हो जाएगा। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका को पाकिस्तान से कम से कम 1-0 से हारना होगा। यदि ऑस्ट्रेलिया मेलबर्न और सिडनी में ये 2 टेस्ट जीतता है, तो वह अन्य परिणामों की परवाह किए बिना क्वालीफाई कर लेगा।

दक्षिण अफ्रीका को फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ अपने दो टेस्ट में से एक जीतना होगा पर अगर वह सीरीज 0-1 से हार जाता है तो ऑस्ट्रेलिया और भारत दोनों ही उससे आगे निकल सकते हैं। दोनों टेस्ट हारने पर दक्षिण अफ्रीका टीम 52.78 अंक पर आ जाएगा। ऐसे में भारत या ऑस्ट्रेलिया में से कोई एक टीम उसे पीछे कर सकती है।

श्रीलंका टीम अगर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-0 से सीरीज जीत ले तो भी अधिक से अधिक 53.85 तक पहुंच सकती है। उसके लिए समीकरण बेहद कठिन है। ऑस्ट्रेलिया, भारत और दक्षिण अफ्रीका तीनों को उससे नीचे रहने के लिए द. अफ्रीका को पाकिस्तान से 0-2 से ऑस्ट्रेलिया को भारत के विरुद्ध दो टेस्ट मैचों में एक जीत और एक ड्रॉ से अधिक नहीं मिलना चाहिए जबकि दक्षिण अफ्रीका को हारना होगा। जो संभव नहीं है।

## रोहित की बेटी समायरा ने स्कूल के वार्षिक समारोह में किया डांस





एजेंसी

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा जहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेल रहे हैं। वहीं उनकी बेटी ने स्कूल में सालाना वार्षिक समारोह में शानदार डांस कर सबका ध्यान खींचा है। समायरा धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ती है। स्कूल के इस वार्षिक समारोह में समायरा अपनी मम्मी रितिका सजदेह के साथ पहुंची थी। समायरा की स्कूल के कार्यक्रम की एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें वह डांस कर रही हैं। वहीं रितिका दर्शकों के बीच बैठकर इसे देखती नजर आईं। वह इस दौरान तालियां बजाकर बेटी का उत्साह बढ़ाती भी नजर आयीं।

समायरा इस माह के अंत में 6 साल की हो जाएगी। दूसरी ओर भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का चौथा टेस्ट मैच 26 दिसंबर से मेलबर्न क्रिकेट मैदान में खेला जाना है। इस टेस्ट को बॉक्सिंग डे टेस्ट भी कहा जाता है। हालांकि यह सीरीज इस वक्त काफी रोमांचक मोड़ पर खड़ी है। 3 टेस्ट मैच के बाद सीरीज 1-1 की बराबरी पर चल रही है।

# रोहित, विराट और जडेजा के भी सन्यास लेने की संभावना

एजेंसी




**मुम्बई।** अनुभवी स्पिनर आर अश्विन के अचानक ही लिए संन्यास के बाद अब अटकलें हैं कि आने वाले समय में स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा और स्पिन ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा भी संन्यास की घोषणा कर सकते हैं। इसका कारण है कि विराट और रोहित अभी तक ऑस्ट्रेलिया दौरे में रन बनाने में विफल रहे हैं। जिस प्रकार से ये दोनो अपने विकेट खो रहे हैं, उससे टेस्ट सीरीज के दौरान दोनों बल्लेबाजों की बल्लेबाजी तकनीक पर भी सवाल उठ रहे हैं। जहां रोहित का पिछली 11 पारियों में औसत बेहद कम 11.69 का रहा है, वहीं ऑफ स्टंप के बाहर गेंद से निपटने में कोहली विफल रहे हैं। उनकी इस कमजोरी का ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों ने पूरा लाभ उठाया है। इसके अलावा इन दोनो की उम्र भी 36 के करीब हो रही है। ऐसे में आने वाले समय को देखते हुए ये भविष्य की योजनाओं में फिट नहीं बैठते हैं।

अटकलें हैं कि कोहली और रोहित अगले महीने की शुरूआत में सिडनी में अपना आखिरी टेस्ट खेल सकते हैं। टीम इंडिया पूरी तरह से बदलाव के दौर से गुजर रही है। ऐसे में कोहली और रोहित को भी आने वाले युवा और प्रतिभाशाली क्रिकेटरों के लिए रास्ता बनाने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद खेल को अलविदा कहना पड़ा सकता है। इसके अलावा स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जड़ेजा के प्रदर्शन में भी निरंतरता की कमी देखी गयी है और वह भी सन्यास की घोषणा कर सकते हैं। उनकी उम्र भी 35 के करीब होने जा रही है। वहीं वाशिंग्टन सुंदर , अक्षर पटेल जैसे ऑलराउंडर उनकी जगह भरने के लिए तैयार हैं।

# आईसीसी ने फजलहक पर लगाया जुर्माना

एजेंसी




**हरारे ।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अफगानिस्तान के फजलहक फारूकी पर जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच के दौरान आचार संहिता उल्लंघन करने के लिए जुमार्ना लगाया है। आईसीसी ने कहाया, अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज फजलहक पर आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 15 फीसदी जुमार्ना लगाया है। फारूकी को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाने से जुड़ा है। इसके अलावा आईसीसी के अनुसार फजलहक के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक नकारात्मक अंक जोड़ा गया है जिसके लिए यह 24 महीने की अवधि में पहला अपराध था।

यह घटना जिम्बाब्वे की पारी के पांचवें ओवर में हुई। तब क्रेग एर्विन के खिलाफ अपील को खारिज किए जाने पर फजलहक ने असहमति दिखाई, और मैच में डीआरएस उपलब्ध नहीं होने पर समीक्षा के अनुरोध के लिए हस्ताक्षर किए। फजलहक ने अपराध स्वीकार किया और मैच रेफरी के एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल के एंडी पाइक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी।

## अपने कौशल को निखारकर ही इतने बेहतर गेंदबाज बनें अश्विन : शास्त्री

एजेंसी



**मेलबर्न ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा कि अपने कौशल को निखारकर ही अश्विन इतने सफल और बेहतर गेंदबाज बने । अश्विन ने कभी ये नहीं देखा कि कौन बल्लेबाजी कर रहा है बल्कि उनका ध्यान अपने प्रदर्शन पर रहता आया है। 38 वर्ष के अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के बाद अचानक ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया है। शास्त्री ने कहा, ह्यमुझे जो बात प्रभावित करती है , वह लगातार खुद को निखारने की उसकी ललक। वह अपने प्रदर्शन से कभी संतुष्ट नहीं होता। पिछले दो तीन साल में जिस तरह से उसने गेंदबाजी की है और अपने कौशल को निखारा है, वह अलग नजर आया है। इस पूर्व कोच ने कहा कि अपने खेल के विकास की प्रक्रिया में अश्विन ने नयी गेंदों और अपने एक्शन पर लगातार काम किया। शास्त्री ने कहा, ह्यवह लगातार नई चीजें सीखना चाहता था और उसने इस पर काफी काम भी किया। उसने हमेशा अपने में समय के साथ बदलाव किये। वह मैच विजेता रहा है और 537 टेस्ट विकेट ये साबित करते हैं। टेस्ट क्रिकेट में 500 से अधिक विकेट लेना विशेष उपलब्धि है। वेस्टइंडीज के खिलाफ 2011 में पदार्पण करने वाले अश्विन ने कुल 765 विकेट लिये जिनमें 537 टेस्ट विकेट थे।

## उथप्पा के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**नई दिल्ली ।** पूर्व क्रिकेटर रोबिन उथप्पा के खिलाफ पीएफ घोटाले के आरोप लगे हैं और उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ है। ये वारंट पीएफ विभाग के रीजनल कमिश्नर गोपाल रेड्डी की शिकायत पर जारी किया है जिसके बाद से ही पुलिस उथप्पा की तलाश कर रही है। उथप्पा की सेंचुरीज लाइफस्टाइल ब्रांड प्राइवेट लिमिटेड नाम से एक कंपनी है। उन्होंने यहां नौकरी करने वाले लोगों के वेतन में से पीएफ का पैसा तो काटा पर उसे उनके पीएफ खाते में जमा नहीं किया। इस मामला 23 लाख रुपये घोटाले का है। चार दिसंबर को कमिश्नर रेड्डी ने पुलिस को उथप्पा के खिलाफ वारंट जारी करने को कहा पर ऐसा हो नहीं पाया क्योंकि उथप्पा ने अपना पता बदल लिया था। अधिकारी अब उनके नए ठिकाने का पता लगाने में लगे हुए हैं।

# शीर्ष क्रम को रन बनाने की जरूरत : जडेजा

एजेंसी




**मेलबर्न।** भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले कहा कि भारत के शीर्ष क्रम को रन बनाने की जरूरत है।

पर्थ में सीरीज के पहले मैच में दूसरी पारी में शानदार प्रदर्शन के अलावा भारत का शीर्ष क्रम एडिलेड और ब्रिसबेन में ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामने संघर्ष करता नजर आया है। जब से सीरीज पर्थ से बाहर गई है, तब से अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की भागीदारी चोट के कारण सीमित हो गई है। हेजलवुड एडिलेड टेस्ट से चूक गए और सीरीज के तीसरे टेस्ट के दौरान चोटिल होने के बाद मैदान पर नहीं उतरे।

ऑस्ट्रेलिया के पास गेंदबाजी संसाधनों की कमी के बावजूद भारतीय शीर्ष क्रम लगातार रन बनाने में विफल रहा है। केएल राहुल (77) और यशस्वी जायसवाल (161) की 201 रनों की ओपनिंग साझेदारी और पर्थ में विराट कोहली के नाबाद शतक के बाद शीर्ष क्रम कमजोर नजर आया है।

जायसवाल लगातार मिशेल स्टार्क का शिकार रहे हैं, जबकि कोहली ऑफ स्टंप के बाहर की गेंदों से जूझते रहे हैं। हालांकि, राहुल तीनों में सबसे अधिक संयमित दिखे हैं।

जडेजा ने मेलबर्न में संवाददाताओं से कहा, ह्यशीर्ष क्रम को रन बनाने की जरूरत है। यदि शीर्ष क्रम रन नहीं बनाता है, तो निश्चित रूप से मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाजों पर दबाव होता है। जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। एक टीम के रूप में, हमें शीर्ष क्रम से अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। एक बल्लेबाजी इकाई के रूप में, यदि हर कोई योगदान देता है, तो टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी। हम चाहते हैं कि पूरी टीम अच्छा प्रदर्शन करे।

बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले सीरीज 1-1 से बराबरी पर है, जो गुरुवार से प्रतिष्ठित मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा। हेजलवुड के बाहर होने के बाद सीन एबॉट के खेलने की संभावना है। ऑस्ट्रेलिया ने हेजलवुड की अनुपस्थिति और शीर्ष क्रम के मुद्दों को ध्यान में रखते हुए अपनी टीम में कुछ बदलाव किए हैं। चौथे टेस्ट के लिए नाथन मैकस्वीनी की जगह सैम कोंस्टास को टीम में शामिल किया गया है।

# कोंस्टास के पास रिकार्ड बनाने का अवसर

एजेंसी



**मेलबर्न ।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथे टेस्ट मैच में 19 साल के युवा बल्लेबाज सैम कोंस्टास अगर पदार्पण करते हैं तो वह एक रिकार्ड अपने नाम करेंगे। कोंस्टास पिछले 70 साल में ऑस्ट्रेलिया के सबसे युवा टेस्ट बल्लेबाज होंगे। इससे पहले साल 1952 में इयान क्रेग ने 17 साल 239 दिन की उम्र में डेब्यू किया था। ऑस्ट्रेलिया ने कोंस्टास को बचे हुए दो टेस्ट मैचों के लिए टीम में शामिल किया है। कोंस्टास ने न्यू साउथवेल्स के लिए शेफील्ड शील्ड के दो मैचों में शतक जमाया। भारत ए के खिलाफ एमसीजी पर मैच में उन्होंने नाबाद 73 रन बनाए जबकि कैनबरा में भारत के खिलाफ प्रधानमंत्री एकादश के लिए गुलाबी गेंद के मैच में 107 रन की पारी खेली।

ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, सैम को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। उसकी बल्लेबाजी की शैली अलग है। हमें विश्वास है कि नाथन के पास काबिलियत है और उसे भविष्य में टेस्ट क्रिकेट में औंर मौके मिलेंगे। उसे बाहर रखने का फैसला कठिन था।

कोंस्टास ने इस साल की शुरूआत में दक्षिण अफ्रीका में अंडर-19 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने के बाद सीनियर क्रिकेट में अच्छी शुरूआत की है। उन्होंने दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ न्यू साउथ वेल्स के शेफील्ड शील्ड के पहले मैच में 152 और 105 रन बनाए थे। इसके बाद एमसीजी में ऑस्ट्रेलिया ए की आरे से भारत ए के खिलाफ नाबाद 73 रन बनाए थे।

# वसीम अकरम जैसे गेंदबाज हैं बुमराह : लैंगर

एजेंसी



**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह पाकिस्तान के वसीम अकरम जैसा गेंदबाज है। बुमराह ने अब तक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में भारतीय टीम की ओर से सबसे अधिक विकेट लिए हैं। बुमराह ने 10.90 की औसत से 21 विकेट लिए हैं। उन्होंने अब तक सीरीज में सलामी बल्लेबाजों को भी 4-4 बार आउट किया है। इसी को देखते हुए लैंगर ने कहा कि मैं भी उनका सामना नहीं करना चाहूंगा। वह अकरम की तरह गेंदबाजी करता है। वह एक प्रकार से अकरम का दाहिना हाथ का संस्करण नजर आता है। वहीं जब भी मुझसे यह सवाल पूछा जाता है कि आपके सामने अब तक का सबसे अच्छा गेंदबाज कौन है, तो मैं कहता हूं अकरम क्योंकि उनके पास अच्छी गति थी। वह हर बार एक ही स्थान पर गेंद डालते थे। उनके बास अच्छा बाउंस थ। वह गेंद को दोनों तरफ स्विंग करवा लेते थे। इससा उनका सामना करना बेहद कठिन होता था। लैंगर ने कहा कि मुझे इसी प्रकार बुमराह का सामना करने से नफरत होगी। वह एक महान प्रतिस्पर्धी है, वह अच्छी गति से गेंदबाजी करता है और वह अद्भुत है। मैंने सीरीज की शुरूआत में कहा था, अगर बुमराह फिट रहते हैं, तो यह ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों के लिए वास्तव में परेशानी साबित होगें जो सही रहा है। अगर वह यहां नहीं होते तो मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलिया आसानी से सीरीज जीत जेती। लैंगर ने यह भी कहा कि शीर्ष क्रम के खराब प्रदर्शन के बावजूद टीम अपनी बल्लेबाजी में कोई बदलाव नहीं करेगा।

# एनआरएआई को मिले आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप की मेजबानी के अधिकार

एजेंसी




**नई दिल्ली।** नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) को एक और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता, इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) जूनियर वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन 2025 की मेजबानी के अधिकार मिल गए हैं। यह देश में आयोजित होने वाली तीसरी प्रमुख आईएसएसएफ प्रतियोगिता होगी, इससे पहले 2023 में भोपाल में सीनियर वर्ल्ड कप और इस साल के अंत में आईएसएसएफ वर्ल्ड कप फाइनल का आयोजन हुआ था।

एनआरआई को शुक्रवार (20 दिसंबर) को आईएसएसएफ से अधिकार मिलने की आधिकारिक पुष्टि के बाद इस विकास पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एनआरआई के अध्यक्ष कालिकेश नारायण सिंह देव में कहा, ह्यपिछले महीने रोम में आईएसएसएफ की कार्यकारी समिति की बैठक बहुत लाभकारी रही थी, और सभी सदस्य संघों के साथ-साथ आईएसएसएफ के अध्यक्ष लुसियानो रोसी ने भी भारत में आयोजित प्रमुख अंतरराष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिताओं की तारीफ की थी और वैश्विक स्तर पर खेल को बढ़ावा देने में भारत की भूमिका को सराहा था। हमें तभी से एहसास हो गया था, लेकिन अब जब आधिकारिक पुष्टि मिल गई है, हम उत्साहित और प्रेरित हैं कि हम अपनी पूरी ताकत से इस आयोजन को सफल बनाएंगे। हम निश्चित रूप से भारत सरकार और खेल मंत्रालय के प्रति आभारी हैं जिन्होंने हमारे प्रयासों का समर्थन किया है ताकि हम खेल को हर संभव तरीके से बढ़ावा दे सकें।

एनआरएआई के महासचिव के. सुलतान सिंह ने आईएसएसएफ के पत्र के बारे में अधिक जानकारी देते हुए कहा, ह्यआईएसएसएफ ने अपने पत्र में हमसे दो संभावित सुविधाजनक समय स्लॉटों की पुष्टि करने का अनुरोध किया है, एक सितंबर-अक्टूबर में और दूसरा अक्टूबर अंत-नवंबर की शुरूआत में। हम अपनी आंतरिक बैठक के बाद इसे जल्द से जल्द आईएसएसएफ के साथ साझा करेंगे, ताकि सदस्य संघ अपनी तैयारियां कर सकें। दुनिया के भविष्य के शीर्ष चैंपियन और शूटिंग के सितारे भारत में एक शानदार मुकाबले के लिए एकत्रित होंगे, और हमें पूरा विश्वास है कि यह खेल को देश में और भी मजबूत करेगा। यह भारत में पिछले एक दशक में आयोजित होने वाली नौवीं शीर्ष स्तरीय शूटिंग चैंपियनशिप होगी, लेकिन यह पहला आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप होगा। इससे पहले भारत में महाद्वीपीय चैंपियनशिप और छह आईएसएसएफ प्रतियोगिताओं का आयोजन हो चुका है, जिसमें दो वर्ल्ड कप फाइनल और चार सीनियर आईएसएसएफ वर्ल्ड कप शामिल हैं। 2025 में भारत की रेंजेस लगातार व्यस्त रहेंगी, क्योंकि इस साल पहली बार शूटिंग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई) का आयोजन भी पहले हाफ में किया जाएगा, इसके अलावा साल भर होने वाली नियमित राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का भी आयोजन होगा, जो राष्ट्रीय प्रतियोगिता में समाप्त होगा।



वैलिंगटन में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच हुए दूसरे एकदिवसीय में शतक लगाने के बाद उत्साहित होती हुई अनाबेल सुदरलैंड

# सेहत को हेल्दी रहने के लिए रामबाण है नारियल पानी

## वजन घटाए, स्किन में भी लाए निखार



कई बार हम डिहाइड्रेशन का शिकार हो जाते हैं, इसलिए अपने शरीर को हाइड्रेट रखना बेहद जरूरी होता है। यही वजह है कि इस मौसम में फलों, हरी सब्जियों और जूस का सेवन करने की सलाह एक्सपर्ट भी देते हैं। गर्मी में शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए नारियल पानी पीने की सलाह दी जाती है। यह शरीर के लिए बेहद फायदेमंद होता है।

**दिल को रखे सेहतमंद:**
मेडिकलन्यूजटुडे के मुताबिक, दिल के मरीजों के लिए नारियल पानी बहुत फायदेमंद होता है। नारियल पानी में भरपूर मात्रा में पोटैशियम पाया जाता है। ये पोटैशियम हाई ब्लड प्रेशर और दिल के रोगियों के लिए बहुत लाभकारी होता है।

**त्वचा में लाए निखार:**
नारियल पानी पीने से हमारे शरीर के साथ स्किन भी हाइड्रेट रहती है, जिससे त्वचा संबंधी कई परेशानियां अपने आप दूर हो जाती हैं। नारियल पानी पीने से त्वचा में निखार तो आता ही है, साथ ही पिंपल्स और रैशेज की समस्याएं भी दूर होती है।

**हड्डियों की मजबूती:**
नारियल पानी हड्डी से जुड़ी कई प्रकार की बीमारियों में फायदा पहुंचाता है। नारियल पानी में कैल्शियम मौजूद होता है, जो दांतों और हड्डियों को मजबूत रखने में काफी असरदार होता है।

**वजन कम करता है:**
नारियल पानी में फैट की मात्रा बहुत कम होती है। यह पूरे दिन आपको तरोताजा महसूस कराता है। यही वजह है कि मोटापे से ग्रसित लोगों को नारियल पानी पीने की सलाह दी जाती है।

**शरीर को रखे हाइड्रेटेड:**
नारियल पानी में 95 फ़ीसदी पानी ही होता है, इसलिए इसे पीते रहने पर शरीर में पानी की कमी नहीं होने पाती। साथ ही यह कई तरह के पोषक-तत्वों से भरपूर और शुगर-फ्री भी होता है।



# जिम करना

## कभी कभी पड़ सकता है महंगा



स्वस्थ शरीर के लिए रोजाना एक्सरसाइज बेहद जरूरी है। यही वजह है कि कई लोग फिट रहने के लिए रोजाना जिम करते हैं। गर्मी हो गया सर्दी कुछ लोग वजन कम करने के लिए घंटों जिम में बिताते हैं, लेकिन कभी कभी वर्कआउट करते समय ज्यादा सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है। वर्कआउट के सही समय और बरते जानी वाली सावधानियों को जानना बेहद जरूरी है। सर्दी का मौसम एक्सरसाइज के लिए बेस्ट होता है, लेकिन अब लोग सेहत के प्रति इतने अलर्ट हो गए हैं कि गर्मी में भी घंटों वर्कआउट करते हैं। गर्मी के मौसम में तापमान बहुत ज्यादा होता है। इसलिए यह अधिक एक्सरसाइज के लिए सही मौसम नहीं होता। अगर किसी को पहली बार जिम शुरू करनी है तो बेहतर होगा कि वो सर्दी के मौसम से शुरू करे.

**कब करें एक्सरसाइज?**
मौसम गर्मी का हो या फिर सर्दी का एक्सरसाइज करने का सबसे बेहतर समय सुबह का होता है। अगर गर्मी अधिक है, तो एक्सरसाइज करने से पहले ठंडे पानी से स्नान कर लेना चाहिए। इसके बाद एक्सरसाइज या वर्कआउट करना चाहिए। ववर्कआउट के बाद जब शरीर थोड़ा कूल हो जाए, तो नाश्ता करके फिर से नहा लें। इससे शरीर को आराम महसूस होगा। गर्मियों में अगर एक्सरसाइज एसी वाली जगह पर कर रहे हैं, तो ये बेस्ट है। एक्सरसाइज करने से पसीना अधिक होता है, ऐसे में पानी का सेवन खूब करना चाहिए। गर्मी के मौसम में कार्डियो एक्सरसाइज जैसे वॉकिंग, जॉगिंग, रनिंग ज्यादा करना चाहिए। जिन लोगों को कोई समस्या जैसे हार्ट प्रॉब्लम, अस्थमा, फेफड़े की समस्या है, तो उन्हें हेवी एक्सरसाइज से बचना चाहिए। इसकी बजाय टहल सकते हैं या फिर जॉगिंग कर सकते हैं।

# चाहते हैं बुढ़ापे में हड्डियां बनी रहें मजबूत

## अभी से ही इन फूड्स से बना लें दूरी

**इन फूड से करें परहेज**

1. नमकीन चीजों से परहेज- बोन हेल्थ एंड ऑस्टियोपोरोसिस फाउंडेशन ने अपने अध्ययन में पाया है कि ज्यादा नमकीन वाले फूड बोन हेल्थ के लिए बहुत नुकसानदेह है। इससे हड्डियों से कैल्शियम का क्षय होने लगता है। अध्ययन के मुताबिक ब्रेड रोल, पिज्जा, सैंडविच, सूप, चिप्स, पॉपकोर्न, स्नैक्स मिक्स, क्रेकर्स, चिकेन , चीज, एग और ऑमलेट में ज्यादा नमक होता है। इन चीजों का ज्यादा सेवन करने से हड्डियों से कैल्शियम गायब हो सकता है।

2. अल्कोहल-शराब का सेवन वैसे तो किसी मायने में बॉडी के लिए अच्छा नहीं माना जाता लेकिन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्थराइटिस एंड मस्कुलोस्केलटल ने अपने अध्ययन में बताया है कि अल्कोहल शरीर को विटामिन डी और कैल्शियम को एब्जॉर्ब करने में विलेन का काम करता है।

3. ज्यादा मीठा-पबमेड सेंट्रल के अध्ययन में पाया गया कि ज्यादा चीनी वाली चीजों के सेवन से कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटैशियम रिसकर पेशाब के रास्ते बाहर हो जाता है। वहीं यह कैल्शियम के एब्जोर्ब्शन में दिक्कत पेश करता है। कैंडी, पैस्ट्री, केक, प्रोसेस्ड फूड, सॉस, डिजर्ट स्वीट्स आदि में ज्यादा चीनी होती है।

4. हाई ऑक्सीलेट-कुछ फूड में ऑक्सीलेट और फायटेट्स कंपाउंड ज्यादा होते हैं। ये फूड कैल्शियम के एब्जॉर्ब्शन को धीमा कर देते हैं। इसलिए ऐसे फूड के सेवन से शरीर में कैल्शियम की कमी हो जाएगी जिससे ऑस्टियोपोरोसिस हो सकता है। ये फूड हैं पालक और अन्य हरी पत्तीदार सब्जियां, बींस और चाय। इन चीजों का कम मात्रा में सेवन करना चाहिए। ज्यादा से नुकसान हो सकता है।

कुछ ऐसे फूड होते हैं जो कैल्शियम के नुकसान को बढ़ाता है, यही कारण है कि कुछ लोगों को बुढ़ापे में ऑस्टियोपोरोसिस की बीमारी हो जाती है। यह बहुत ही दर्दनाक बीमारी है। इसमें उठना भी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में आपको यह जानकारी होनी चाहिए कि किन फूड का ज्यादा सेवन करने से हड्डियां बुढ़ापे में दगा दे देगी। हड्डियों की मजबूती बरकरार रखने के लिए कैल्शियम के अलावा विटामिन डी, विटामिन के, विटामिन सी, प्रोटीन और कई अन्य तरह के मिनिरल्स की जरूरत होती है। इन सबको शरीर में सही से ए जोर्ब करने में कुछ फूड का ज्यादा सेवन नुकसान पहुंचाता है।



# पालक का जूस ही नहीं, पानी भी बेहद लाभकारी



लाइफ एंड ट्रेंड्स वेबसाइट के अनुसार, पोषक तत्वों से भरपूर हरी सब्जियां सेहत के लिए काफी फायदेमंद होती हैं। हरी पत्तेदार पालक की सब्जी आपके शरीर को विटामिन, मिनिरल और एंटीऑक्सीडेंट प्रदान करती हैं, इसलिए आपको इसे अपने आहार में शामिल करने के साथ ही इसको जूस के रूप में जरूर लेना चाहिए। पोषक तत्वों से भरपूर पालक की बाजारों में सबसे अधिक मांग होती है। आप ताजा पालक को मिक्सर में डाल कर पानी के साथ पीस कर खा सकते हैं। हालांकि ज्यादातर लोग इसको पकाकर खाने की सलाह देते हैं, लेकिन यदि आप इसका जूस निकाल कर पीएंगे तो सेहत के लिए अच्छा होगा। कई बार लोग पालक पनीर, पालक पराठा या सब्जी बनाने के लिए इसके पत्तों को उबालते हैं तो, इसके पानी को फेंक देते हैं। जबकि, इस पानी में सबसे ज्यादा माइक्रोन्यूट्रिएंट्स होता है। इस पानी का सेवन करेंगे तो कई शारीरिक बीमारियों से बचे रहेंगे। तो आइए जानते हैं इसका सेवन करने से होने वाले लाभ–

**पेट के लिए फायदेमंद है**
पालक का पानी पेट के लिए कई प्रकार से फायदेमंद है। पालक के पोषक तत्वों में आहार फाइबर भी शामिल है। ये आपका मेटाबोलिज्म बढ़ाता है और पेट के काम काज को तेज करता है। इससे कब्ज की समस्या नहीं होती है।

**आंखों की रोशनी बढ़ाता है पालक का पानी**
पालक के पानी में ल्यूटिन और जेक्साथिन जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स मौजूद होते हैं। साथ ही इसमें इसमें विटामिन ए पाया जाता है जो आंखों की रोशनी बढ़ाने में मदद करता है। यदि विटामिन ए की कमी हो जाए तो यह सूखी आंखें और रतौंधी का कारण बन सकता है।

## स्वास्थ्य के साथ निखारता है रूप

**बालों के लिए फायदेमंद पालक का पानी**
पालक के पानी का सेवन सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद है। इसमें कई प्रकार के न्यूट्रीएंट्स जैसे आयरन और प्रोटीन होता है जो कि बालों को अंदर से मजबूत और खूबसूरत बनाने में मदद करता है।

**स्किन हेल्दी रखता है पालक का पानी**
पालक का पानी पीना आंखों और बालों के साथ ही स्किन को भी हेल्दी बनाए रखने में मदद करता है। पालक का पानी शरीर को डिटॉक्सीफाई करता है। इससे चलते शरीर का ब्लड सर्कुलेशन सही रहता है और स्किन अंदर से ग्लो करती है।'

**इम्यूनिटी बढ़ाता है पालक का पानी**
पालक में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है। इसलिए पालक का पानी इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करता है। इसमें प्रोटीन, एंटीऑक्सीडेंट्स और कई माइक्रोन्यूट्रिएंट्स होने से शरीर में ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और पुरानी बीमारियों खत्म होती हैं।

**कैंसर को रोकता है पालक का पानी**
पालक जहां दिल से संबंधित बीमारियों को रोकने में मदद कर सकता है, वहीं यह कैंसर को भी नष्ट करने में मदद कर सकता है। शोध बताते हैं कि हरी पत्तेदार सब्जियां खाने से वजन कम हो सकता है, साथ ही फेफड़े, प्रोस्टेट और कोलोरेक्टल कैंसर की संभावना भी खत्म हो सकती है।

**ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है**
पालक के पानी में स्वाभाविक रूप से नाइट्रेट्स की मात्रा अधिक होती है। इसलिए यह रक्तचाप को कम करने में मदद करता है और रक्तचाप को बढ़ाता है।

# दही में नमक डालकर खाना फायदेमंद या गुड़-चीनी?

**लोगों को दही खूब भाता है। कुछ लोग दही में चीनी मिलाकर खाते हैं, तो कुछ लोग नमक के साथ इसका लुत्फ उठाते हैं। तमाम लोग दही की लस्सी बनाकर गर्मी से राहत पाने की कोशिश करते हैं। आपने भी कई तरीकों से दही का सेवन किया होगा। अब सवाल उठता है कि दही में नमक डालकर खाने से शरीर को ज्यादा फायदा मिलता है या गुड़ और शक्कर मिलाकर खाना ज्यादा लाभकारी है। इस बारे में आयुर्वेदिक डॉक्टर से हकीकत जान लेते हैं।**

भले ही दही को गर्मी से राहत पाने के लिए खाया जाता है, लेकिन दही की तासीर गर्म होती है। इसकी प्रकृति अम्लीय होती है और इसे बिना कुछ मिलाए नहीं खाना चाहिए। सादा दही हमारे खून को दूषित कर सकता है और स्किन की समस्याएं पैदा हो सकती हैं। आयुर्वेद में साफ कहा गया है कि दही को रात के वक्त खाने से बचना चाहिए और इसका रोज सेवन नहीं करना चाहिए। दही में मूंग की डाल, शहद, घी, शक्कर और आंवला को मिलाकर खाने से हेल्थ को कई बड़े फायदे मिलते हैं।

**दही में नमक मिलाकर चाहिए या चीनी?**
दही में कभी कभार नमक मिलाकर खा सकते हैं, लेकिन हमेशा ऐसा नहीं करना चाहिए। दही की तासीर गर्म होती है और उसमें ज्यादा नमक मिलाकर खाने से स्किन की समस्याएं पैदा हो सकती हैं। ऐसा करने से हेयर फॉल, उम्र से पहले सफेद बाल और स्किन पर फुंसी हो सकती हैं। इसलिए दही में नमक डालने से बचना चाहिए। चीनी की बात करें तो दही में चीनी मिलाकर खाना बेहद फायदेमंद माना जाता है। दही में जब चीनी मिला दी जाती है तो उसकी तासीर ठंडी हो जाती है और इसे खाने से कोई नुकसान नहीं होता। दही में गुड़ मिलाना भी बेहद लाभकारी है। आयुर्वेदिक डॉक्टर की मानें तो दही की लस्सी बनाकर पीना गर्मियों में लाभकारी होता है। जब दही में चीनी मिल जाती है तो इसकी तासीर ठंडी हो जाती है और इसका सेवन करने से गर्मी से राहत मिलती है।



# डार्क अंडरआर्म्स को इन घरेलू उपायों से करें दूर

## स्लीवलेस ड्रेस में नहीं होगी परेशानी



गर्मी के मौसम में बिना बाजू वाले ड्रेस पहनना लोग काफी पसंद करते हैं। ये कंफर्टेबल होते हैं और गर्मी में दिखते भी अच्छे हैं। लेकिन कई लोगों की समस्या होती है कि ऐसे कपड़े पहनने से उनके अंडर आर्म का कालापन नजर आता है और सभी की नजरें उनके डार्क अंडरआर्म पर अटती है। अगर आप भी ऐसी समस्या से परेशान हैं तो यहां हम आपके साथ कुछ ऐसे घरेलू उपाय शेयर कर रहे हैं जिसकी मदद से आप अपने अंडर आर्म की स्किन को ब्राइट और क्लीन बना सकते हैं। आइए जानते हैं कैसे।

**नींबू का इस्तेमाल-**
नींबू की मदद से आप अपने काले अंडरआर्म के दाग को कम कर सकते हैं। इसके लिए आप आधा नींबू काट लें और यहां की स्किन पर लगा लें। आधे घंटे के बाद नहा लें। अगर आपकी स्किन सेंसिटिव है तो आप पैच टेस्ट के बाद ही इसका इस्तेमाल करें।

**एप्पल साइडर विनेगर-**
एप्पल साइडर विनेगर में भी माइल्ड ब्लीच के गुण हैं जो नेचुरल क्लीनर की तरह भी काम कर सकता है। आप इसकी मदद से स्किन के कालेपर को कम कर सकते हैं। इसके लिए आप एक कॉटन को एप्पल साइडर विनेगर में डुबाएं और से स्किन पर लगाएं। ऐसा रोज करने पर दाग चले जाएंगे।

**नारियल तेल-**
नारियल तेल स्किन के लिए कई तरह से फायदेमंद है। यह स्किन को नरिश तो करता ही है, डार्क स्किन की समस्या को भी दूर कर सकता है। आप रोज रात में अंडरआर्म की स्किन पर नारियल तेल लगाएं और रातभर छोड़ दें। स्किन पर निखार आएगा।

**बेकिंग सोडा-**
बेकिंग सोडा की मदद से आप स्किन को ब्राइट और क्लीन बना सकते हैं। इसके लिए सप्ताह में एक या दो दिन बेकिंग सोडा और पानी को मिलाकर एक पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को त्वचा पर लगाएं। 15 मिनट के बाद स्किन से इसे अच्छी तरह से धो लें।

**एलोवेरा-**
आप ताजा एलोवेरा के पत्तों से जेल निकालें और इसे अंडर आर्म की स्किन पर लगाएं। आप नहाने के बाद या सोने से पहले भी इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। धीरे धीरे स्किन के रंगत में अंतर नजर आने लगेगा।

# रिश्ते में प्यार के साथ मिलेगा सम्मान

## ऐसे जीते पार्टनर का दिल



हर इंसान चाहता है कि लोग उसकी इज्जत करें। खासतौर पर पार्टनर के साथ संबंध कितना मजबूत है, यह भी आपस में एक-दूसरे के व्यवहार और सम्मान को देखकर पता चलता है। दरअसल, जब आप अपनी चीजों की इज्जत करते हैं या खुद की इज्जत करते हैं तो आप लोगों के सामने इस बर्ताव के मॉडल बनते हैं। यह आपके इज्जत को बढ़ाने का एक जरिया हो जाता है। इसमें वे सारी बातें शामिल होती हैं,जो किसी का भी अटेंशन आपकी तरफ खींचता है। मसलन, आप कितने अच्छे श्रोता हैं और आप कितनी रुचि से उनकी बातों को सुनते हैं। ये सारी बातें आपके रिश्ते को मजबूत बनाने में मदद करती है। यहां हम आपको बताते हैं कि आप रिश्ते में किस तरह एक-दूसरे से सम्मान हासिल कर सकते हैं।

**शक्ति नहीं, स्नेह दें**
अगर आप बात बात पर अपने पावर को प्रदर्शित कर रहे हैं तो बता दें कि आप ऐसा करने से अपना सम्मान खो सकते हैं। लेकिन अगर आप अपने रिश्ते में पावर से अधिक स्नेह दर्शाते हैं और आप अपने पार्टनर की जरूरतों को जानने और पूरा करने का प्रयास करते हैं, बात बात पर पार्टनर की सराहना करते हैं, तो इससे आपके प्रति प्यार और इज्जत अपने आप बढ़ने लगती है।

**बिहेवियर में बनाएं बैलेंस**
अगर आप अपने पार्टनर को खूब प्यार करते हैं लेकिन उनके साथ कभी कभी बहुत अधिक बुरा व्यवहार भी कर देते हैं तो इससे आपका रिलेशनशिप बर्बाद हो सकता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप अपने बिहेवियर में बैलेंस बनाएं। आप अपनी जरूरतों को बेहतर तरीके से बोलना सीखें और इच्छाओं को भी बताएं। लेकिन सही बर्ताव के साथ। इससे आपकी इज्जत बढ़ेगी।

**सीमा करें निर्धारित**
जब हम किसी के साथ पार्टनरशिप करते हैं तो पार्टनर के बीच भागीदारी और सीमाएं जरूरी होती हैं। इसी तरह रिलेशनशिप को भी बैलेंस बनाए रखने के लिए कुछ सीमाएं बनाएं। मसलन, अगर आपका पार्टनर शॉपिंग पर साथ जाना चाहता है लेकिन आप दिनभर ऑफिस में वक्त गुजार रहे हैं तो बेहतर होगा कि आप आपस में बात करें और बीच का उपाय निकालें। इसके लिए दोनों के बीच तालमेल जरूरी है।

**सेल्फ रिस्पेक्ट करें**
जब आप खुद की इज्जत करते हैं तो जमाना भी आपकी इज्जत करता है। यह नियम रिलेशनशिप में भी लागू होता है। जब आप अपनी जरूरतों, इच्छाओं, अपनी चीजों को सम्हालकर रखते हैं या उनका केयर करते हैं तो आपकी इज्जत बढ़ती है और पार्टनर से भी आपको इज्जत मिलने लगती है। मसलन, आप अपने परिवार का वैल्यू करते हैं।

**खुद की जरूरतों को समझें**
अपनी जरूरतों को समझना जरूरी है। इस बात को समझें कि कहीं आपकी जरूरतें रिश्तों पर हावी तो नहीं हो रही। रिश्ते में सम्मान पाने के लिए जरूरी है कि आप खुद के साथ साथ अपने पार्टनर की जरूरतों को भी जानें और दोनों के बीच तालमेल बिठाएं।



# 'मुझे लगता है कि वह मेरे आस-पास हैं'

## बोनी कपूर ने दिवंगत पत्नी श्रीदेवी को किया याद

फेमस फिल्ममेकर बोनी कपूर ने पिछले कुछ समय में अपना काफी वजन कम कर लिया है. इससे साथ ही उन्होंने हेयर ट्रांसप्लांट भी करवाया है. हाल ही में बोनी कपूर अपनी दिवंगत पत्नी श्रीदेवी को याद करते हुए भावुक हो गए. उन्होंने बताया कि श्रीदेवी हमेशा चाहती थीं कि वह अपना थोड़ा वजन कम करें. बोनी कपूर का कहना है कि आज भी उनकी पत्नी आस-पास हैं, जो उन्हें वजन कम करने के लिए प्रेरित करती हैं. बोनी कपूर ने बताया कि उन्होंने पिछले कुछ महीनों में लगभग 13 किलो वजन कम किया है. उन्होंने कहा, 'यह सब तब शुरू हुआ जब मैंने वजन कम करना शुरू किया. मैंने वजन कम करने का फैसला किया और जब मैंने लगभग 13-14 किलो वजन कम कर लिया, तो मैंने सोचा कि अभी शेप पहले से बेहतर हो गया है. अब मेरा वजन 94-95 किलो हो गया है. मेरी हाइट को देखते हुए मुझे लगभग 87-88 किलो का होना चाहिए. मुझे अभी भी लगभग 8-9 किलो और वजन कम करना है.'

बोनी कपूर ने बताया, 'श्रीदेवी इस मामले में बहुत क्लियर थीं कि उन्हें कब खाना है, क्या खाना है. मैंने अपनी पूरी कोशिश की, लेकिन मैं सफल नहीं हो सका. पिछले दो सालों से तू झूठी मैं मक्कार फिल्म के बाद जब मैंने खुद को देखा, तो मुझे लगा कि मुझे और मेरे बच्चे भी चाहते थे कि मैं और पतला और बेहतर दिखूं. हेल्थ के लिहाज से भी मुझे इसकी जरूरत थी. मैं आज 69 साल का हूं, तो मैं और जवान नहीं हो रहा हूं.'

# शाहरुख खान के फोन पर किसका वॉलपेपर?



बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान के बारे में हर कोई इस बात को जानता होगा कि वो अपने परिवार को कितना प्यार करते हैं। शाहरुख खान अपने तीनों बच्चों और पत्नी गौरी खान से कितना प्यार करते हैं वो समाजिक तौर पर इसे कई बार एक्सप्रेस कर चुके हैं। अब शाहरुख खान के फोन का वॉलपेपर वायरल हो रहा है। इस वॉलपेपर को देख शाहरुख खान के फैंस उनपर एक बार और फिदा हो गए हैं। शाहरुख के वॉलपेपर पर सुहाना या गौरी की तस्वीर नहीं है बल्कि इस खास शख्स की तस्वीर है।

शाहरुख खान के फोन वॉलपेपर की जो तस्वीर वायरल हो रही है उसमें देखने को मिला है कि शाहरुख के फोन पर उनके छोटे बेटे अबराम खान की तस्वीर लगी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर ने शाहरुख खान के वॉलपेपर की तस्वीर शेयर की है। तस्वीर में शाहरुख का फोन नजर आ रहा है। वहीं, उस फोन पर अबराम खान की तस्वीर नजर आ रही है। एक यूजर ने शाहरुख की वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा- सभी डिटेक्टिव्स, उनके फोन पर क्या है? यह मानते हुए कि ये उनका फोन है। इस यूजर के सवाल पर ही @asmasun01 नाम के एक यूजर ने शाहरुख की तस्वीर दिखाते हुए कहा कि उनके बेटे अबराम खान की तस्वीर है वॉलपेपर पर। इस पोस्ट पर शाहरुख के फैंस ने उनपर प्यार लुटाया है। बता दें, शाहरुख खान के सबसे बड़े बेटे का नाम आर्यन खान है। उनका जन्म 1997 में हुआ था। शाहरुख की बेटी सुहाना खान का जन्म साल 2000 में हुआ था। वहीं, साल 2013 में अबराम खान का जन्म हुआ था। अबराम खान का जन्म सरोगेसी के जरिए हुआ था।

# तो यह बनी मलाइका-अर्जुन के ब्रेकअप की वजह



बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा इन दिनों अपने करियर पर फोकस कर रही हैं. अर्जुन कपूर से ब्रेकअप के बाद वह मूव ऑन करने की पूरी कोशिश कर रही हैं. अब इसी बीच एक्ट्रेस के एक क्रिप्टिक पोस्ट के जरिए लोगों की भौंहें टेढ़ी हो गई हैं. बता दें कि एक्टर अर्जुन कपूर ने फिल्म 'सिंघम अगेन' के प्रमोशन के दौरान मलाइका अरोड़ा संग रिश्ते पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा था कि अब वह सिंगल हैं. एक्टर के इस बयान के बाद हर कोई हैरान रह गया था क्योंकि दोनों पिछले 5 साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे. वहीं अब मलाइका ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक क्रिप्टिक नोट लिखा है, जिसमें उन्होंने बताया है कि प्यार को बनाए रखने के लिए सबसे जरूरी चीज क्या है? मलाइका के इस पोस्ट को देखकर लोग अनुमान लगा रहे हैं कि कहीं यही तो दोनों के ब्रेकअप की वजह नहीं है.


मलाइका अरोड़ा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर लिखा, 'अफर्ट प्रेम का ऑक्सीजन है, इसके बिना आग बुझ जाती है.' मलाइका अरोड़ा के इस क्रिप्टिक पोस्ट को देखकर लोग अनुमान लगा रहे हैं कि कहीं इसी वजह से तो मलइका अरोड़ा और अर्जुन का ब्रेकअप तो नहीं हुआ है. बता दें कि एक्ट्रेस ने एक और नोट लिखा है, जिसमें मलाइका ने कहा, 'उनकी लिमिट्स आपको लिमिट नहीं करनी चाहिए.' बता दें कि मलाइका और अर्जुन के रिश्ते की शुरुआत साल 2019 में हुई थी. दोनों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपनी लव स्टोरी को अनाउंसमेंट किया था. इसके बाद मलाइका और अर्जुन वेकेशन पर भी अक्सर साथ में स्पॉट होते थे. वह सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के लिए खूब प्यार बरसाते थे.


### अर्जुन कपूर से शादी करना चाहती थीं मलाइका अरोड़ा

बता दें कि एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा अर्जुन कपूर से शादी करना चाहती थी. वह कई इंटरव्यूज में इस बात को कबूल चुकी थीं कि वह अर्जुन से बहुत प्यार करती हैं और अब पांच साल के रिश्ते के बाद उनसे शादी करना चाहती हैं. हालांकि मलाइका के इस सपने के पूरे होने से पहले ही दोनों का ब्रेकअप हो गया.

# कटरीना के बालों के लिए सास ने बनाया स्पेशल तेल

कटरीना कैफ का अपने ससुराल वालों के साथ काफी अच्छा बॉन्ड है। वह अपने ससुराल वालों की और ससुराल वाले उनकी तारीफ करते रहते हैं। अब कटरीना ने पति विकी कौशल और सास वीना कौशल के साथ अपने रिश्ते पर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे उनकी सास उनके लिए खास तेल तैयार करती हैं। वह ही एक्ट्रेस के हेयर केयर रुटीन का ध्यान रखती हैं। हाल ही में अपने ब्रांड के एक इवेंट में कटरीना ने कहा, 'मैं अपने स्किनकेयर को लेकर काफी ध्यान रखती हूं क्योंकि मेरी काफी सेंसिटिव स्किन है। माना मैंने थोड़ा देर से शुरू किया, लेकिन यह शानदार है। मेरी सास भी मेरे लिए तेल बनाती हैं जिसमें प्याज, आंवला, एवोकाडो और 2-3 इंग्रेडिएंट्स और डाले हैं। घर की बनाई चीजें काफी पावरफुल होती हैं। बता दें कि कटरीना को उनकी सास प्यार से किट्टो बोलती हैं।' कटरीना ने इस दौरान पति विकी को लेकर भी बात की। वह बताती हैं कि विकी ने कभी उनसे बाथरूम में काउंटर स्पेस को लेकर लड़ाई नहीं करते हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह बहुत ही एडजस्टिंग और अंडरस्टैंडिंग हैं। बता दें कि इससे पहले कपिल शर्मा शो में कटरीना ने बताया था कि उनकी सास उनके लिए स्वीट पोटैटोज बनाती हैं।





# 13 स्टार्स वाली इस फ्लॉप फिल्म में काम करना चाहते थे सलमान

बॉलीवुड इंडस्ट्री में तमाम ऐसी फिल्म बनी हैं, जिनमें एक दो, तीन नहीं बल्कि काफी ज्यादा स्टार्स नजर आए हैं. इनमें से कुछ फिल्में बॉक्स ऑफिस पर हिट रही हैं तो कुछ फ्लॉप साबित हुई हैं. फिलहाल, कई स्टार्स के साथ फिल्म बनाना मेकर्स के लिए आसान नहीं होता है लेकिन फिर भी वो रिस्क लेते हैं. बॉलीवुड में एक फिल्म बनी जिसमें 13 स्टार्स ने काम किया था और ये बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह से फेल साबित हुई थी. दिलचस्प बात ये है कि इस फिल्म में सलमान खान काम करने चाहते थे लेकिन एक कारण की वजह से वह इस फिल्म का हिस्सा नहीं बन पाए थे. आइए जानते हैं कि ये फिल्म कौन सी थी.

साल 2002 में राजकुमार कोहली के डायरेक्शन में फिल्म 'जानी दुश्मन: एक अनोखी कहानी' बनी थी. फिल्म में राजकुमार कोहली के बेटे अरमान कोहली और एक्ट्रेस मनीषा कोईराला लीड रोल में थे. वहीं, फिल्म में अक्षय कुमार, सनी देओल, रंभा, सोनू निगम, अरशद वारसी, आफताब शिवदासानी, आदित्य पंचोली सहित 13 स्टार्स ने काम किया था. फिल्म 'जानी दुश्मन: एक अनोखी कहानी' से सोनू निगम ने एक्टिंग डेब्यू किया था. इस फिल्म में एक नाग-नागिन के बदले की कहानी दिखाई गई थी. कई सितारों से सजी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई थी.

### सलमान खान के पास नहीं थी डेट

दिलचस्प बात ये है कि इस फिल्म सलमान खान की काम करने की इच्छा था. हालांकि, वो इसका हिस्सा नहीं बन पाए थे. बताया जाता है कि फिल्म 'जानी दुश्मन: एक अनोखी कहानी' सलमान खान को सोनू निगम वाला रोल ऑफर हुआ था और वह भी इस फिल्म को करना चाहते थे लेकिन वो इसे नहीं कर पाए थे.

# गोविंदा के जन्मदिन पर फैंस को बड़ा झटका!

बॉलीवुड के 'हीरो नंबर-1' गोविंदा 21 दिसंबर को अपना जन्मदिन मना रहे हैं। वह 61 साल के हो गए हैं। बीते दिनों उनके पैर में गोली लग गई थी, लेकिन अब वह बिल्कुल फिट हैं। बड़े पर्दे पर गोविंदा की आखरिी फिल्म 2019 में 'रंगीला राजा' रिलीज हुई थी। यह बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर साबित हुई है। फैंस को पांच साल से गोविंदा की पर्दे पर वापसी का इंतजार है। ऐसे में जब पिछले दिनों खबर आई कि सुपरहिट 'भागम भाग' का सीक्वल बन रहा है, तो बांछे खिल गईं।



गोविंदा ने यह कहा है कि उन्हें इस फिल्म के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उनके पास ऐसा कोई ऑफर नहीं आया है। साल 2006 में रिलीज 'भागम भाग' को प्रियदर्शन ने डायरेक्ट किया था। फिल्म में गोविंदा के साथ अक्षय कुमार, परेश रावल और राजपाल यादव भी थे। अब गोविंदा ने 'मिड-डे' से बातचीत में बताया कि उन्हें 'भागम भाग 2' के लिए संपर्क नहीं किया गया है। ना ही सीक्वल के बारे में कोई चर्चा ही की गई है।

यकीनन, यह खबर फैंस के लिए बड़ा झटका है, क्योंकि हर किसी को उम्मीद थी कि गोविंदा, अक्षय और परेश रावल की तिकड़ी पर्दे पर फिर से धमाल मचाएगी। गोविंदा ने अब यह भी कहा है कि वह 'भागम भाग 2' या 'पार्टनर' जैसी किसी भी सीक्वल फिल्म के बारे में कुछ नहीं कह सकते, क्योंकि उनके पास इनमें से किसी का कोई प्रस्ताव नहीं आया है। जब गोविंदा से पूछा गया कि अगर उन्हें 'भागम भाग 2' का ऑफर मिलता है, तो क्या वह इसमें काम करेंगे? एक्टर ने कहा कि वह सीक्वल फिल्मों की बढ़ती पॉपुलैरिटी से वाकिफ हैं। लेकिन दर्शकों की राय सिर्फ चर्चाओं और रुझानों पर नहीं बननी चाहिए। जानकारी के लिए बता दें कि सरिता अश्विन वर्दे ने 'शेमारू एंटरटेनमेंट' से बीते दिनों 'भागम भाग' के राइट्स खरीदे हैं।

# दीपिका के मेंटल हेल्थ का मजाक बनाकर हुए थे ट्रोल

कॉमेडियन और यूट्यूबर समय रैना इन दिनों छाए हुए हैं। उनके शो इंडियाज गॉट लेटेंट के कई वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल होते हैं। इसी बीच उनकी नेटवर्थ को लेकर एक रिपोर्ट सामने आई है।कुछ दिनों पहले दीपिका पादुकोण की मेंटल हेल्थ को लेकर एक मजाक किया गया था शो इंडियाज गॉट लेटेंट। यह शो समय राणा का है और जब उन्हें सोशल मीडिया पर काफी हेट मिली तो तब उन्होंने माफी मांगने की बजाय लोगों को कहा कि उनके वीडियो पर जाकर कमेंट करो ताकि एड रेवेन्यू बने।वहीं एक एपिसोड में एक कॉमेडियन ने जब समय को ट्रोल करना चाहा तो समय ने कहा था कि चैलेंज करना है तो बैंक बैलेंस से करो। इससे सभी के मन में सवाल जरूर आया होगा कि आखिर समय कितना कमाते हैं। वहीं सोशल मीडिया पर भी समय को लेकर सब सर्च कर रहे हैं कि आखिर वह कितना कमाते हैं।नेट वर्थ स्पॉट की रिपोर्ट के मुताबिक, समय की नेटवर्थ यूएसडी में 16.5 मिलियन है यानी कि 140 करोड़। ऐसा कहा जाता है ये कमाई उनके यूट्यूब चैनल से है जिसमें रेवेन्यू, एड और सब्सक्राइबर्स शामिल हैं।समय इसके अलावा ब्रांड पार्टनरशिप, कॉमेडी शोज और बाकी चीजें भी करते हैं जिससे उनकी कमाई भी होती है।



# हिना खान ने अबू धाबी में यूं मनाया क्रिसमस

हिना खान इस वक्त ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही हैं और उनकी ये लड़ाई लाखों लोगों के लिए किसी प्रेरणा से कम नहीं हैं। एक्ट्रेस इलाज के साथ-साथ अपने वर्क कमिटमेंट्स भी पूरे कर रही हैं। इस वक्त हिना खान अबू धाबी में हैं और उन्होंने वहां से कुछ बेहद प्यारी तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में हिना खान ने दिखाया है कि वह दिसंबर के साथ इस साल को कैसे अलविदा बोल रही हैं। हिना खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर उस होटल से तस्वीरें शेयर की हैं, जहां वह रह रही हैं। एक्ट्रेस ब्लू और व्हाइट कलर की ड्रेस में नजर आ रही हैं और प्यारी लग रही हैं। तस्वीरें शेयर कर हिना ने लिखा, 'हैलो दिसंबर।' साथ में उन्होंने क्रिसमस ट्री का इमोजी बनाया। हिना खान की इन तस्वीरों को देख फैंस के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। हिना कैंसर से लड़ाई के बावजूद फैंस के साथ लगातार अपनी हेल्थ अपडेट शेयर करती रही हैं। इतने दुख के बावजूद न तो हिना खान के चेहरे से हंसी गायब हुई और ना ही उन्होंने फैंस के साथ अपना कनेक्शन टूटने दिया। हाल ही हिना ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने होटल रूम की झलक फैंस को दिखाई थी, और अब तस्वीरें शेयर की हैं।



# हंगामा के नए थ्रिलर 'पिरामिड' में देखिए गहरे राज और अपराध की कहानी

भारत के सबसे बेहतरीन डिजिटल एंटरटेन्मेंट प्लैटफॉर्म में शुमार 'हंगामा' अपनी ओरिजनल सीरीज 'पिरामिड' के साथ दर्शकों को रोमांचित करने के लिए तैयार है। यह एक ऐसी कहानी है जो क्रिप्टोकरंसी की अंधेरी दुनिया और अपराध से आपको रुबरु कराएगी। इसे सिर्फ हंगामा ओटीटी पर देखा जा सकता है। इस सीरीज में राज़, सस्पेंस और रोमांच है। इस कहानी में बहुत सारे रोमांचक मोड़ हैं, और हर किरदार का बहुत कुछ दांव पर भी लगा है। यह कहानी दर्शकों को पूरे समय बांधकर रखने की खूबी रखती है।

इस सीरीज में हेली शाह, रोहन मेहरा, हर्षद अरोरा, करन शर्मा और कृष्णन बरेटो ने अपनी एक्टिंग का जौहर दिखाया है। सीरीज की कहानी शुरू होती है जबकि 'पिरामिड' नाम के अपनी तरह के पहले क्रिप्टोकरंसी प्लैटफॉर्म को बनाने वाले विजनरी अर्जुन बनर्जी का मर्डर हो जाता है। उनकी हत्या से पूरा देश सदमे में डूब जाता है तो कई लोग ऐसे भी होते हैं जो जिनका अकाउंट ब्लॉक हो जाता है और उन्हें समझ नहीं आता है कि ऐसे में क्या किया जाए। पत्रकार वृंदा (इस किरदार को हेली शाह ने निभाया है) इस हत्या की तह में उतरती है और वह इसके पीछे धोखाधड़ी के जाल, छिपे हुए एजेंडे और धोखे पर से पर्दा उठाने की कोशिश करती है। सच का पता लगाने जब वह निकलती है तो वह एक खतरनाक रास्ते से गुजरती है जिस पर हर कदम पर खतरा है और जो कुछ भी जैसा नजर आता है



असल में वैसा है नहीं।

हंगामा डिजिटल मीडिया के फाउंडर और मैनेजिंग डाइरेक्टर नीरज रॉय ने इस सीरीज के बारे में कहा, "हंगामा के ओरिजनल कॉन्टेंट की लिस्ट में 'पिरामिड'एक अहम नाम है। यह एक ऐसी कहानी है जो इस समय के हिसाब से मौजूं है और इसे दिलचस्प तरीके से पेश किया गया है।

# फिल्मी अंदाज में हुआ था मुश्ताक खान का अपहरण

अनिल कपूर, नाना पाटेकर अभिनीत फिल्म वेलकम सहित सैकड़ों फिल्मो के मशहूर कलाकार मुश्ताक खान ने अपने अपहरण मामले के बारे में मीडिया से विस्तार से बातचीत की।एकदम फिल्मी अंदाज़ में हुआ था मुश्ताक़ खान का अपहरण, यह बात घण्टा भर चली उनकी बातचीत से पता चला। इस पूरी घटना को सुनाते हुए कई बार मुश्ताक खान की आंखें नम हुईं, कई बार वह घबराए हुए दिखे और कई बार ऊपरवाले का शुक्रिया अदा करते हुए नजर आए।



**दिग्गज अभिनेता ने खुद सुनाई पूरी दास्तान**

मुश्ताक खान ने बताया कि एक दिन राहुल सैनी नामक व्यक्ति का फोन उनके पास आया कि वह उन्हें यूपी के मेरठ में हो रहे एक अवार्ड फंक्शन में बतौर चीफ गेस्ट बुलाना चाहता है। कुछ दिन बाद उसने मुश्ताक खान के बैंक अकाउंट में 25 हजार रुपए ट्रांसफर किए, मुम्बई से दिल्ली का फ्लाइट का टिकट भेज दिया। मुम्बई मे उस दिन चुनाव था। वह वोट देकर दिल्ली के लिए रवाना हुए। जब वह दिल्ली पहुंचे तो राहुल सैनी का फोन उनके पास आया कि एक आदमी उन्हें एयरपोर्ट पे लेने जाएगा वह गाड़ी में लेकर उन्हें अवार्ड फंक्शन की जगह तक लाएगा। वह उस आदमी के साथ कार मे बैठकर चल दिए। कुछ घण्टे बाद उन्हें दूसरी कार में शिफ्ट किया गया, दूसरी गाड़ी के कुछ दूर चलने के बाद उसे रोका गया तो वहां कई बदमाशो ने उनके सिर पर बंदूक तान दी और चुपचाप चलने को कहा। उन्हें एक कम्बल ओढ़ाकर ले जाया गया। काफी कच्चे रास्ते का सफर करने के बाद उन्हें एक घर के दूसरी मंजिल पर स्थित एक छोटे से कमरे में ले जाया गया और उनकी आंखें खोली गई। कई बदमाश उस कमरे में शराब पीने लगे, उनका मोबाइल पहले ही छीन लिया गया था। उनसे एक करोड़ रुपए मांगे गए। मुश्ताक खान ने कहा कि उनके पास इतने पैसे नहीं हैं। उनके साथ बदमाशो ने गाली गलौज की, उन्हें धक्का दिया गया।

# सांसद ने किया विंटर कार्निवल का उद्घाटन

**नोएडा (चेतना मंच)।** गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा.



महेश शर्मा ने सेक्टर-18 के जी ब्लाक में दो दिवसीय विंटर कार्निवल का फीता काटकर उद्घाटन किया। यह कार्निवल नोएडा प्राधिकरण ने नोएडा कनेक्ट के नाम से आयोजित किया है।

नोएडा प्राधिकरण द्वारा सेक्टर-18 में आयोजित विंटर कार्निवल में शहर में बनने वाले उत्पादों की प्रदर्शनी व बिक्री के लिए अलग-अलग स्टॉल पर लगाये गए हैं। इसके साथ ही खाने-पीने के स्टॉल लगाये गए हैं। लाइव बैंड परफॉरमेंस व संता आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। छुट्टी का दिन होने के चलते आज पहले दिन खूब भीड़ उमड़ी।

नोएडा कनेक्ट के नाम से आयोजित विन्टर कार्निवल में मेहंदी आर्ट, वर्ली आर्ट, टैटू आर्ट, मधुबनी आर्ट, गोंड आर्ट, लिप्पन आर्ट, और मिट्टी से बनी कलाकृतियों सहित कई कलात्मक विधाओं की प्रदर्शनी लगी है। इसके साथ ही, रेडीमेड गारमेंट्स, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, बैग्स, मोबाइल एक्सेसरीज, खिलौने और हस्तशिल्प जैसी खरीदारी के लिए भी स्टॉल्स लगे हैं। बच्चों के लिए क्ले क्राफ्ट, ड्राइंग जैसी गतिविधियों के साथ ही उनके मनोरंजन के लिए अनुकूल व्यवस्था की गई है। सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए खान-पान की भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है। यह कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से लेकर सायं 9 बजे तक दो दिन चलेगा।

नोएडा सीईओ डा. लोकेश एम ने बताया कि कार्यक्रम की सफलता के आधार पर इसे भविष्य में नोएडा के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित किया जाएगा, जिससे और अधिक लोग इसका लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य परिवारों को सप्ताहांत में एक संपूर्ण और मनोरंजक अनुभव प्रदान करना है। दो दिवसीय विंटर कार्निवल के शुभारंभ के दौरान एसीईओ संजय खत्री, एसीईओ वंदना त्रिपाठी, भाजपा नोएडा जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता, नोएडा प्राधिकरण कर्मचारियों की यूनियन के अध्यक्ष चौ. राजकुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, एनईए अध्यक्ष विपिन मल्हन सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

# एनडीआरएफ के जवानों ने लगाया ध्यान

**गाजियाबाद (चेतना मंच)।** गाजियाबाद स्थित 8वीं वाहिनी एनडीआरएफ में पहला विश्व



ध्यान दिवस मनाया गया। इसमें गुरूजी मुनेष सिन्हा द्वारा सामूहिक रूप से योगाभ्यास, कराते हुए सभी जवानों को ध्यान का संदेश दिया गया एवम मेडिटेशन के अभ्यास के माध्यम से गहन शांति की अनुभूति कराई गई।

ध्यान शिविर में गुरूजी मुनेष ने उन्होंने कहा कि आज दुनिया को सबसे ज्यादा शांति की आवश्यकता है। ध्यान ही वह माध्यम है, जो हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाएगा और मन में एकाग्रता लाकर सकारात्मकता को बढ़ाएगा। इस खास मौके पर वाहिनी कमाण्डेंट प्रवीण कुमार तिवारी, एवं नावा अध्यक्षा 8वीं बटालियन एनडीआरएफ, श्रीमती डा0 अनुपम गौतम के साथ वाहिनी के सभी अधिकारी एवं रैस्कुअरस ने बढ-चढ कर हिस्सा लिया।

इस मौके पर एक पेड़ माँ के नाम पर वृक्षा रोपण भी किया गया। साथ ही गुरूजी ने वाहिनी कैम्पस में तैयार किये गये मियाबाकी फोरेस्ट तथा वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण क्षेत्र का भ्रमण भी किया। प्रवीण कुमार तिवारी, कमाण्डेट 8वीं बटालियन एनडीआरएफ ने इस मौके पर कहा कि हमें प्रतिदिन कम से कम 5 से 10 मिनट तक मेडिटेशन करना चाहिए।

# शारदा विवि में ध्यान शिविर का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** शारदा विश्वविद्यालय के नॉलेज पार्क स्थित कैंपस में विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर एक विशेष ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज और छात्र कल्याण विभाग के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों और स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



कार्यक्रम में ऑर्ट ऑफ लिविंग संस्था के प्रतीक राय ने ध्यान के शारीरिक और मानसिक लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ध्यान कोई विलासिता नहीं, बल्कि आज के दौर की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि ध्यान से एकाग्रता, याद्दाश्त और भावनात्मक स्वास्थ्य में सुधार होता है। यह तनाव, अवसाद और नींद से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में मदद करता है।

सत्र के दौरान, स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज की डीन, डॉ. अन्विति गुप्ता ने ध्यान को भारतीय सभ्यता के वसुधैव कुटुंबकम सिद्धांत का परिचायक बताते हुए इसके महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि ध्यान मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को संतुलित रखने का एक प्राचीन भारतीय अभ्यास है, जिससे मन-मस्तिष्क को शांति और सुकून मिलता है।

कार्यक्रम में छात्र कल्याण विभाग के डीन डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. कपिल दवे, डॉ. रितु चाकू, डॉ. शिवओम आचार्य, शिवम भारद्वाज, आलोक गुप्ता, और अवधेश तोमर सहित विभिन्न विभागों के डीन और एचओडी भी उपस्थित रहे।

# विकसित भारत बनाने में जेवर किसानों के योगदान अहम: धीरेन्द्र सिंह

**लखनऊ।** जेवर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा है कि विकसित भारत



बनाने में जेवर क्षेत्र के किसानों का योगदान अहम साबित होगा। इसी कारण उत्तर प्रदेशके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश में सबसे अधिक मुआवजा वृद्धि जेवर के किसानों के लिए की है।

आपको बता दें कि कल देर शाम लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के अंतिम चरण के सभी ग्रामों के किसानों से जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में आए लगभग 500 किसानों से सीधा संवाद किया था तथा उनकी समस्याओं को सुनने के बाद प्रदेश के अधिकारियों को जेवर क्षेत्र के किसानों की तत्कालीन सरकारों से चली आ रही लंबित समस्याओं के निराकरण के लिए मौके पर ही आदेशित किया था और अंतिम चरण के किसानों की जमीनों में 1200 प्रति रुपए प्रति वर्ग मीटर का इजाफा भी किया।

उत्तर प्रदेश विधानसभा भ्रमण के समय जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि जेवर क्षेत्र के किसानों की वजह से आज प्रदेश विकास के मार्ग पर गतिशील है। देश में आज तक का सबसे अधिक मुआवजा वृद्धि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन और मिशन को दर्शाता है।

विकसित भारत के योगदान में जेवर के किसानों की अहम भूमिका होगी। जेवर क्षेत्र के सभी किसानों ने विधानसभा का भ्रमण किया और फिर बसों में बैठकर अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए रवाना हुए। सभी किसानों ने एक स्वर में कहा कि मुख्यमंत्री से संवाद करना हमारे लिए गौरवान्वित करने वाला पल है।

## सोलर पम्प के लिए आनलाईन आवेदन

गौतमबुद्धनगर। पी0एम0-कुसुम योजना वर्ष 2024-25 के अंतर्गत सोलर पम्प के लिए आनलाईन कृषकों का आवेदन विभागीय पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। जनपद में जिन कृषकों द्वारा अवशेष कृषक अंश की धनराशि किन्हीं कारणों से निर्धारित अवधि के अन्दर जमा नहीं की गयी थी उनके पुनः टोकन 23 दिंसबर को कन्फर्म कर दिये जायेंगे। ताकि कृषकों के द्वारा आनलाइन/आफलाइन चालान प्रिंट कर अवशेष कृषक अंश की धनराशि जमा की जा सके।

उप कृषि निदेशक गौतमबुद्धनगर राजीव कुमार द्वारा बताया गया कि सोलर पम्प हेतु कृषकों के चयन एवं टोकन कन्फर्म करने की ऑनलाइन व्यवस्था है जो पूरी तरह से पारदर्शी है एवं टोकन कन्फर्म करने के पश्चात् कृषि विभाग के पोर्टल पर उनके पंजीकृत मोबाईल नम्बरों पर मैसेज कृषि विभाग द्वारा संदेश भेजा जाता है।









# ‘किसानों के हक की आवाज को दबाना बंद करें’

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय किसान यूनियन (बलराज) की राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा रेखा सिवाल व प्रदेश अध्यक्ष हातम सिंह की अगुवाई में जिलाध्यक्ष योगेश वैष्णव ने कार्यकर्ताओ संग जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर को किसानों के साथ हो रहे शोषण के विरोध में नारेबाजी करते हुए सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा।



संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया कि जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर को ज्ञापन के माध्यम से बताया कि गौतमबुद्धनगर के किसानों के साथ नोएडा विकास प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण, और यमुना विकास प्राधिकरण ने लिखित करारनामों से जमीन अधिग्रहण की गई थी लेकिन प्राधिकरण अपने करारनामों से मुकर रहे हैं। किसान अपने हक और अधिकार की आवाज उठाता है तो पुलिस प्रशासन बल प्रयोग कर जेल भेज किसानों की आवाज को कुचलने का काम कर रहे हैं जो किसानों के साथ सरासर गलत है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने जेल में बन्द किसानों की बिना शर्त रिहाई की मांग की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने एक सप्ताह किसानों की मागों का समाधान न करने पर 27 दिसम्बर को जिला कलेक्ट्रेट सूरजपुर पर किसान स्वाभिमान महापंचायत का ऐलान किया है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा रेखा सिवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा सचिन शर्मा प्रदेश अध्यक्ष हातम सिंह भाटी, प्रदेश अध्यक्ष युवा विपिन खारी, उत्तर प्रदेश महासचिव दिलदार अंसारी, उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष नागर, उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल भाटी, उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष विकास त्यागी ,उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष सोनू खारी, उत्तर प्रदेश संगठन मंत्री संजीव भाटी, जिलाध्यक्ष योगेश वैष्णव, जिला अध्यक्ष मुरादाबाद फहीम मंसूरी, प्रदेश उपाध्यक्ष गफ्फार अली ,जिला महासचिव राजू, जिला महासचिव मनीष पिलवांन ,जिला उपाध्यक्ष अनिल भाटी, जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र भाटी, जिला उपाध्यक्ष चरण सिंह भाटी, जिला उपाध्यक्ष ब्रह्मचंद, जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, नोएडा महानगर उपाध्यक्ष कोमल कौशिक जिला सचिव दीपक वैष्णव, नोएडा महानगर अध्यक्ष नकुल कौशिक तहसील अध्यक्ष दादरी सोविंद्र भाटी, डॉक्टर शीशपाल आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ‘नमो भारत’ के यात्रियों के लिए किराए में छूट की स्कीम

**गाजियाबाद (चेतना मंच)।** नमो भारत यात्रियों के साथ जुड़ने और उन्हें नमो भारत




टिकटों पर 10 प्रतिशत की छूट का अवसर प्रदान करने के लिए, एनसीआरटीसी ने ‘आरआरटीएस कनेक्ट’ मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से लॉयल्टी पॉइंट्स कार्यक्रम की शुरूआत की है। इस पहल का शुभारंभ एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक, शलभ गोयल ने साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन पर वरिष्ठ अधिकारियों और यात्रियों की उपस्थिति में किया।

लॉयल्टी पॉइंट्स प्रोग्राम के तहत, यात्रियों को नमो भारत ट्रेन टिकट पर खर्च किए गए प्रत्येक रुपये के बदले 1 अंक प्राप्त होगा। प्रत्येक लॉयल्टी पॉइंट का मूल्य 0.10 (10 पैसे) है और इसे यात्रियों के ‘आरआरटीएस कनेक्ट’ खाते में जमा किया जाएगा। इन पॉइंट्स का प्रयोग भविष्य में टिकट खरीदने के लिए किया जा सकेगा।

इस पहल से न केवल यात्रियों को आर्थिक लाभ होगा, बल्कि ‘आरआरटीएस कनेक्ट’ ऐप के माध्यम से डिजिटल क्यूआर टिकट के उपयोग को भी बढ़ावा मिलेगा। पेपरलेस टिकटिंग के माध्यम से यह यात्रा को भी सरल बनाएगा। यह पर्यावरण अनुकूल उपाय एनसीआरटीसी के तेज, विश्वसनीय, सुरक्षित, आरामदायक, कुशल और सतत गतिशीलता समाधान प्रदान करके लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

प्रबंध निदेशक ने बताया कि ‘आरआरटीएस कनेक्ट’ ऐप डाउनलोड करने वाले प्रत्येक नए उपयोगकर्ता को 500 लॉयल्टी पॉइंट प्रदान किए जा रहे हैं ?50 के बराबर हैं। यात्री ‘आरआरटीएस कनेक्ट’ ऐप को अन्य उपयोगकर्ताओं को रेफर करके अतिरिक्त 500 लॉयल्टी पॉइंट भी अर्जित कर सकते हैं। रेफर करने वाले और जिसे रेफर किया गया है, दोनों को 500 लॉयल्टी पॉइंट प्राप्त होंगे जो 50 के बराबर हैं।